atulyabhaskar9@gmail.com
प्रसार क्षेत्र - सागर, भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, उज्जैन, नरसिंहपुर, दमोह, छतरपुर, टीकमगढ़, पन्ना

**सुविचार**

"जिंदगी की हर सुबह कुछ शर्तें लेकर आती है, और जिंदगी की हर शाम कुछ तजुर्बे देकर जाती है..!!"

दैनिक
# अतुल्य भास्कर


पेज - 2 पर

वर्ष - 5 / अंक - 14 | सागर, 04 सितम्बर 2021, शनिवार | पृष्ठ - 8 / मूल्य - 2.00 ₹

## पंजशीर में तालिबानी मिलिट्री वाहन को मसूद की सेना ने रॉकेट से उड़ाया

**नई दिल्ली।** पंजशीर में तालिबान के लड़ाकों को भारी नुकसान की खबर है। हामिद मसूद की रेजिस्टेंस फोर्स ने तालिबान के लड़ाकों का पंजशीर में घुसना मुश्किल कर दिया है। इस पहाड़ी प्रांत में मसूद के लड़ाकों ने हर रास्ते पर एम्बुश लगा रखा है। पंजशीर समर्थकों ने एक वीडियो जारी किया है, जिसमें उनके लड़ाके तालिबानियों के सैन्य वाहनों को रॉकेट से उड़ाते हुए दिख रहे हैं। रॉकेट दागने के बाद सैन्य वाहन के परखच्चे उड़ गए हैं। इतना ही नहीं रॉकेट दागने के बाद पंजशीर समर्थक लड़ाके गाड़ी पर ताबड़तोड़ फायरिंग भी करते दिख रहे हैं। यह वीडियो किस जगह का है इसकी पुष्टि नहीं हो सकी है। अफगानिस्तान में शुक्रवार को सरकार बननी थी, लेकिन तालिबान के शीर्ष नेताओं ने इसे टाल दिया है। अब नई सरकार के गठन को लेकर कल यानी 4 सितंबर को फैसला लिया जाएगा। तालिबान के प्रवक्ता जबीउल्लाह मुजाहिद के अनुसार, नई सरकार के गठन की घोषणा अब शनिवार को की जाएगी।

## केरल में 6 सितंबर से 11वीं की परीक्षा कराने पर रोक लगाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने केरल में 6 सितंबर से 11वीं कक्षा की परीक्षा फिजिकल तौर पर कराने के राज्य सरकार के फैसले पर अंतरिम रोक लगा दी है। राज्य में कोरोना वायरस संक्रमण के बढ़ते मामलों को देखते हुए अदालत ने यह फैसला लिया। कोर्ट का कहना है कि कोरोना मामलों में लगातार बढ़ोतरी के कारण केरल की स्थिति चिंताजनक है। कम उम्र के बच्चों को जोखिम में नहीं डाला जा सकता, क्योंकि राज्य में हर दिन करीब 35 हजार मामले सामने आ रहे हैं। इस मामले में अगली सुनवाई 13 सितंबर को होगी। केरल देश का इकलौता राज्य है, जहां कोरोना के मरीज तेजी से बढ़ रहे हैं। यहां एक दिन में मिलने वाले नए मरीजों की संख्या 32 हजार को पार कर गई है। मौतों में महाराष्ट्र आगे है। यहां एक दिन में सबसे ज्यादा 183 मौतें दर्ज की गई हैं। बुधवार को देश में करीब 46 हजार मरीज मिले और 509 मौतें दर्ज की गईं। चौंकाने वाली बात यह है कि इनमें से 32,694 केस (करीब 76त्न) सिर्फ केरल में ही मिले, जबकि वहां 173 मौतें दर्ज की गईं।

## पेस्ट के रूप में छिपा रखा था अंडरवियर में 43 लाख का सोना

**हैदराबाद।** हैदराबाद में शारजाह से लौटे एक भारतीय नागरिक ने अंडरवियर में 43 लाख का 895.20 ग्राम सोना छिपा रखा था. आरोपी ने कथित तौर पर अपने अंडरवियर में पेस्ट के रूप में सोना छिपाया था। सोने के पेस्ट को प्लास्टिक के पाउच में डाल दिया गया था और आरोपी ने उसे अंडरगारमेंट में छिपा लिया था। अधिकारियों ने तस्करी का मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की जांच की जा रही है. कुछ दिन पहले ही केरल के कन्नूर एयरपोर्ट पर अधिकारियों ने 14 लाख कीमत का 302 ग्राम सोना जब्त किया था. यात्री ने कथित तौर पर अपने पैंट की परतों के बीच छुपाकर पेस्ट के रूप में सोने की तस्करी करने की कोशिश की थी. जुलाई में, चेन्नई कस्टम्स ने दुबई से अपने मलाशय में 40 लाख रूपये से अधिक कीमत का लगभग 810 ग्राम सोना ले जाने वाले एक व्यक्ति को पकड़ा था। सीमा शुल्क नियमों के अनुसार, एक वर्ष से अधिक समय से विदेश में रहने वाले पुरुष भारतीय निवासियों को अपने सामान में 50,000 रुपये से अधिक मूल्य का 20 ग्राम सोना लाने की अनुमति है।

## हरदा-होशंगाबाद हाइवे पर पलटी बस, मासूम की मौत, मां घायल

**होशंगाबाद।** हरदा-होशंबाद हाइवे पर रात 10 बजे के करीब यात्री बस पलटने से हादसा हो गया। यात्री बस भोपाल से हरदा आ रही थी। गांव सावलखेड़ा के यहां संतुलन बिगड़ने से बस नाले में जा गिरी। रोड किनारे बने घर के बाहर कामकाज कर रही महिला व उसका बच्चा चपेट में आ गया। दबने से 15 माह के मासूम ने दम तोड़ दिया तो महिला को गंभीर हालत में इलाज के लिए अस्पताल भेजा। हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस टीम के अलावा नायब तहसीलदार ललित सोनी पहुंचे। मां कृपा बस सर्विस, जो भोपाल से हरदा अपडाउन करती है। तीन यात्रियों के बस से दबने की जानकारी थी। गांव का एक परिवार नाले के पास ही निवास करता था। महिला शांतिबाई पति अमरसिंह बामने (46) अपने 15 माह के बालक लव के साथ थी। बस रॉन्ग साइड से पलटकर सड़क किनारे बने मकान के पास आ गिरी। घर के सामने कच्ची नाली है।

# उज्जैन में नाम बदलकर किया युवती का रेप

**उज्जैन (निसं)।** उज्जैन में एक बार फिर चौंकाने वाला मामला आया है। शहर के बीचो-बीच स्थित होटल हिल्टन टावर में एक युवक ने कमरा बुक कराया और अपने साथ युवती को ले जाकर दुष्कर्म किया। मामले की जानकारी जब हिंदू संगठनों को लगी तो वे मौके पर पहुंचे। सभी ने कमरे में जाकर युवती को छुड़ाया। पकड़े गए युवक से जब नाम पूछा तो पहले तो उसने अजय शर्मा बताया, फिर उसके पास से मिले पहचान पत्र के आधार पर खुलासा हुआ कि उसका असली नाम शाहनवाज है। पुलिस ने युवती की शिकायत पर धारा 376 के तहत केस दर्ज कर लिया है। इधर, पुलिस ने कहा है कि बिना पहचान पत्र देखे होटल में कमरा बुक करने के मामले में होटल हिल्टन के संचालक पर भी कार्रवाई करेंगे।

घटना गुरुवार देर रात की है। बजरंग दल के जिला संयोजक अंकित चौबे सहित कुछ कार्यकर्ताओं ने नीलगंगा थाना पुलिस को पूरे मामले की सूचना दी। तब नीलगंगा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर युवक-युवती को हिरासत में ले लिया। युवती का मेडिकल परीक्षण भी कराया गया है। पकड़े जाने के बाद युवक ने अपना नाम अजय शर्मा बताया। जब पुलिस ने तलाशी ली तो आधार कार्ड में उसका नाम शाहनवाज लिखा था। बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने बताया कि होटल संचालक ने आधार व पहचान पत्र देखे बिना युवक को कमरा दे दिया। पुलिस इस मामले में संचालक पर भी कार्रवाई करने की तैयारी में है। युवती देवास की रहने वाली है। वह उज्जैन में अपने रिश्तेदार के यहां रहती है। नीलगंगा सीएसपी वंदना चौहान ने बताया कि युवती की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज किया है। वीडियोग्राफी कर बयान दर्ज कराए जा रहे हैं। मामले की पड़ताल होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है।

बजरंग दल के जिला संयोजक अंकित चौबे ने कहा कि शाहनवाज के मोबाइल में और भी कई महिलाओं के साथ संदिग्ध अवस्था में वीडियो हैं। जिन्हें यह लंबे समय से ब्लेकमैल कर रहा था और अपने साथियों के साथ उन महिलाओं पर शारीरिक संबंध बनाने के लिए दबाव बनाता था।

### शाहनवाज ने युवती को भी अपना नाम अजय शर्मा बताया था

युवती ने पुलिस को बताया कि शाहनवाज ने उसे भी अपना नाम अजय शर्मा ही बताया था। उसने शाहनवाज की शिकायत दर्ज कराई है। बजरंग दल के जिला संयोजक अंकित चौबे ने बताया कि शाहनवाज पहले युवती को लेकर वीडी क्लॉथ मार्केट के नजदीक होटल अविका लेकर गया था, लेकिन वहां बिना आईडी देखे उन्होंने कमरा देने से इनकार कर दिया। तब शाहनवाज ने होटल हिल्टन में कमरा बुक कराया। यहां उसने अपनी ब्रुष्ठ देने के बजाय युवती की ब्रुष्ठ से कमरा बुक कराया।

## भोपाल में धर्म परिवर्तन का बनाया दबाव

भोपाल के कोहेफिजा इलाके में जबरन धर्म परिवर्तन करवाने की कोशिश का मामला सामने आया है। यहां एक युवक ने युवती को प्रेम जाल में फंसा लिया। युवती के गर्भवती होने पर युवक ने खुद को हिंदू बताकर आर्य समाज मंदिर में शादी कर ली। इसी युवती ने जब बच्चे को जन्म दिया, तब युवक ने बताया कि वह क्रिश्चियन है। तुम्हें भी यही धर्म अपनाना होगा। यही नहीं, बच्चे को ईसा मसीह की सेवा के लिए सौंपने का दबाव बनाने लगा। युवती ने जब धर्म परिवर्तन और बच्चे को देने से इंकार कर दिया, तो आरोपी ने उसे घर से निकाल दिया। कोहेफिजा पुलिस ने आरोपी युवक व उसकी बहन के खिलाफ मध्यप्रदेश धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम-2020 की धाराओं में केस दर्ज किया है।

### सोनल ने दिया भाई के षड्यंत्र में साथ

जांच में सामने आया कि संजय का साथ उसकी बहन सोनल भी देती रही है। सोनल भी युवती पर धर्म परिवर्तन के दबाव बना रही थी। उसने ही धर्म परिवर्तन नहीं करने पर घर नहीं आने के लिए धमकी दी थी। पुलिस ने आरोपियों के ठिकानों पर दबिश दी, लेकिन उनका सुराग नहीं लगा। घटना सामने आने के बाद से वह फरार हैं।

कोहेफिजा थाने के एसआई रमेश मिश्रा ने बताया, कलेक्ट्रेट कार्यालय के सामने कॉलोनी में रहने वाली 26 साल की युवती की दोस्ती करीब एक साल पहले सोशल मीडिया के जरिए संजय सिंह से हुई। संजय ने उसे प्रेम जाल में फंसा लिया। दोनों के बीच मुलाकात होने लगी।

# इंदौर समेत 19 शहरों में पड़ा सीबीआई का छापा

## जीईई मेन का पेपर कराने के बदले 12 से 15 लाख वसूले थे; 25 लैपटॉप, 30 चेक जब्त

**इंदौर (निसं)।** जीईई मेन -2021 में ऑनलाइन परीक्षा में गड़बड़ियां करने के मामले में सीबीआई ने एफिनिटी कंसल्टेंसी के डायरेक्टरों, कर्मचारियों सहित अन्य के खिलाफ केस दर्ज किया है। आरोपियों ने जीईई (मेन्स) 2021 की ऑनलाइन परीक्षा में एक रिमोट एक्सेस के माध्यम से प्रश्न पत्र हल कराए थे। इसके एवज में छात्रों से 12 से 15 लाख रुपए वसूले थे। मामले में गुरुवार को सीबीआई की अलग-अलग टीमों ने इंदौर, पुणे, जमशेदपुर, बेंगलुरु सहित 19 स्थानों पर तलाशी ली। सीबीआई ने 25 लैपटॉप, 30 पोस्ट डेटेड चेक और कुछ डिवाइस जब्त की हैं।

सीबीआई के मुताबिक कंपनी से जुड़े कर्ताधर्ता बाहरी व्यक्तियों के साथ मिलकर ये गड़बड़ियां करते थे। इसके लिए सोनीपत (हरियाणा) परीक्षा केंद्र था। आरोपी इस परीक्षा में प्रवेश पाने के इच्छुक छात्रों को प्रश्न पत्र हल करने की सुविधा दे रहे थे। वे ऑनलाइन रिमोर्ट एक्सेस करके आंसरशीट भर रहे थे।



### टॉप कॉलेज में एडमिशन के नाम पर वसूले थे रुपए

आरोपी परीक्षा में प्रवेश चाहने वाले अलग-अलग राज्यों के छात्रों से दसवीं और बारहवीं की मार्कशीट, यूजर आईडी, पासवर्ड और पोस्ट डेटेड चेक पहले ले लेते थे। वे एनआईटी के टॉप कॉलेज में एडमिशन दिलाने के नाम पर यह डील करते। एक बार प्रवेश हो जाने के बाद वे भारी राशि जमा कराते थे। इसके लिए प्रत्येक परीक्षार्थी से 12 से 15 लाख रुपए लेते थे। मामले में बड़े पैमाने पर रुपए वसूलने की जानकारी मिली है। इसे लेकर तफ्तीश चल रही है। इसमें इंदौर सहित अन्य शहरों के कुछ लोगों को आरोपी बनाया जा सकता है।

व्यापमं घोटाले के बाद

## जेईई मेन के फर्जीवाड़े में भी इंदौर के जुड़े तार

पिछले कुछ सालों में देश में हुए बड़े कांड के तार कहीं न कहीं इंदौर से जुड़ ही जाते हैं। एक बार फिर जेईई मेन में हुए फर्जीवाड़े के मामले में इंदौर का नाम आया है। सीबीआई ने अन्य शहरों के साथ इंदौर के भी एक सेंटर पर छापा मारा है। अभी इस मामले में जांच चल रही है। कुछ साल पहले इंदौर क्राइम ब्रांच ने व्यापमं घोटाले का पर्दाफाश किया था।




राजेंद्रनगर में परीक्षा देने आए दो मुन्नाभाइयों को पकड़ा था और फिर एक-एक कर कई मेडिकल में प्रवेश के साथ ही अन्य विभागों में घोटाला समाने आया था। बाद में एसटीएफ को जांच सौंपी गई थी और फिर सीबीआई को मामले दे दिए गए। इस मामले में लगातार चालान भी पेश किया जा रहा है। ईडी ने भी इस मामले में कुछ लोगों पर केस दर्ज किए थे। अब एक बार फिर इंजीनियरिंग के लिए एनआईटी के कॉलेजों में फर्जीवाड़े का मामला सामने आया था। कल सीबाईआई ने इंदौर में एबी रोड पर सेंटर पर छापा मारा और यहां से कुछ चैक जब्त किए। दोनों मामलों में फर्क यह है कि व्यापमं में मुन्नाभाई खुद आकर दूसरे के स्थान पर परीक्षा देते थे।

## अवनि तुमने इतिहास रच दिया...



# अब 50 मीटर राइफल शूटिंग में जीता ब्रॉन्ज

**टोक्यो ■ एजेंसी**

राजस्थान की अवनि लेखरा ने पैरालिंपिक्स में कमाल दिखाते हुए देश-दुनिया के लिए नया इतिहास रच दिया है। अवनि ने 50 मीटर एयर राइफल में शुक्रवार को ब्रॉन्ज मेडल जीता है। इससे पहले वो 10 मीटर एयर राइफल में गोल्ड जीता था। किसी ओलिंपिक या पैरालिंपिक्स में दो मेडल जीतने वाली वो पहली भारतीय महिला बन गई हैं। अवनि के अलावा आज प्रवीण कुमार ने भी देश को मेडल दिलाया।

उन्होंने हाईजम्प में नए एशियन रिकॉर्ड के साथ सिल्वर मेडल जीता। ये मेडल उन्हें टी-64 कैटेगिरी की हाईजंप में मिला। बैडमिंटन के मिक्स्ड डबल्स में पलक कोहली ओर प्रमोद भगत सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं। तीरंदाजी में पुरुषों के रिकर्व ओपन एलिमिनेशन में भारत के तीरंदाज हरविंदर सिंह अगले दौर में पहुंच गए हैं। बैडमिंटन में पुरुष सिंगल्स के एसएल-4 मुकाबले में सुहास एल यथिराज भी अगले दौर में पहुंच गए हैं। वहीं प्राची कैनो स्प्रिंट की महिला सिंगल्स के 200 मीटर वीएल-2 स्पर्धा में मेडल से चूक गई हैं।

### दो मेडल जीतने वाली पहली भारतीय बनी

टोक्यो पैरालिंपिक में देश के लिए पहला गोल्ड जीतने वाली जयपुर की अवनि 50 मीटर एयर राइफल में ब्रॉन्ज मेडल जीता। वह एक ओलिंपिक या पैरालिंपिक में दो मेडल जीतने वाली पहली खिलाड़ी हैं। देवेंद्र झाझरिया पैरालिंपिक में तीन मेडल जीत चुके हैं। ओलिंपिक में कुश्ती में सुशील कुमार और बैडमिंटन में पीवी सिंधु दो मेडल जीते हैं।

सिद्धार्थ शुक्ला के अंतिम संस्कार के दौरान हुई घटना

## एक्ट्रेस के पति को पुलिसवाले ने जड़ा थप्पड़

**मुंबई।** टीवी और फिल्मों के अभिनेता सिद्धार्थ शुक्ला का शुक्रवार को यहां परिवार, दोस्तों और साथी कलाकारों की मौजूदगी में अंतिम संस्कार किया गया। चालीस वर्ष की उम्र में उनके अचानक निधन से फिल्म जगत सदमे में है। टेलीविजन धारावाहिक %%बालिका वधू%% से घर-घर पहचान बनाने वाले और %%बिग बॉस सीजन-13%% के विजेता रहे अभिनेता को बृहस्पतिवार की सुबह दस बजकर 20 मिनट पर जुहू के कूपर अस्पताल ले जाया गया था, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया था। उनका अंतिम संस्कार ओशिवरा शव दाहगृह में किया गया, जहां बाहर में काफी संख्या में लोग इकट्ठा थे।



अभिनेता का पार्थिव शरीर अपराह्न करीब एक बजकर 20 मिनट पर कूपर अस्पताल से रवाना हुआ और भारी पुलिस सुरक्षा के बीच लोग उनकी अंतिम झलक पाने को बेताब थे। सिद्धार्थ शुक्ला के अंतिम संस्कार के दौरान का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है।

## 24 घंटे में फिर 45 हजार कोरोना के नए मामले

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में कोरोना संक्रमण के बढ़ने के साथ ही एक बार फिर तीसरी लहर का खतरा बढ़ गया है। बीते 24 घंटे में देश में 45 हजार से ज्यादा नए केस आए हैं। इसके साथ ही देश में कोरोना संक्रमित मरीजों के एक्टिव मामले भी अब बढ़कर 4 लाख हो गए हैं। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने बीते 24 घंटे में कोरोना संक्रमण की स्थिति को लेकर जो अपडेट दिया है, उसके मुताबिक इस दौरान 45 हजार से अधिक नए मामले निकले हैं। केंद्र व राज्य सरकारों के साथ आम आदमी के लिए भी ये चिंता बढ़ाने वाली जानकारी है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि बीते 24 घंटे में 45,352 नए पॉजिटिव केस सामने आए हैं। हालांकि रिकवरी रेट की बात करें तो वह संतोषजनक हैं। फिलहाल 100 में करीब 97 मरीज स्वस्थ हो रहे हैं। बीते 24 घंटे में 34,791 मरीजों ने कोरोना को मात दी है। केरल में कोरोना संक्रमण नहीं थम रहा था, इस कारण से भी देश में कोरोना संक्रमण के मामले बढ़ रहे हैं।




पुलिस कर चुकी 5 हजार का इनाम घोषित

## दुष्कर्म के आरोप में फरार विधायक पुत्र के लगे पोस्टर

**इंदौर (निसं)।** 5 माह से फरार बड़नगर कांग्रेस विधायक मुरली मोरवाल के बेटे की मुसीबत और भी बढ़ सकती है। इंदौर पुलिस द्वारा बड़नगर जाकर दुष्कर्म में फरार आरोपी करण के जगह-जगह पोस्टर चिपकाए गए हैं और जनता से यह अपील भी की है कि आरोपी की जानकारी देने वाले को इनाम दिया जाएगा। जिला कोर्ट द्वारा आरोपी के कई बार गिरफ्तारी वारंट जारी हो चुके हैं। लेकिन करण अब तक पुलिस की गिरफ्त से दूर है। जिस पर जिला कोर्ट द्वारा कुछ दिनों पहले यह भी आदेश निकाला गया था कि 28 सितंबर तक यदि आरोपी कोर्ट के समक्ष पेश नहीं होता है तो उसकी संपत्ति को कुर्क किया जाएगा। महिला थाना प्रभारी ज्योति शर्मा के अनुसार इंदौर पुलिस द्वारा बड़नगर के कई इलाकों में करण मोरवाल की खोजबीन की जा रही है और इलाके के सभी जगह पुलिस द्वारा आरोपी के पोस्टर भी चस्पा किए गए हैं।



### दिसंबर 2020 में करण के संपर्क में आई थी युवती

थाना प्रभारी ज्योति शर्मा के मुताबिक, पीड़िता पिछले साल दिसंबर में करण के संपर्क में आई थी। दोनों की दोस्ती हुई। धीरे-धीरे वॉट्सऐप और मोबाइल पर बातें होने लगीं। पीड़िता के अनुसार, करण कई बार उससे मिलने इंदौर भी आया। इस दौरान इंदौर बाइपास स्थित होटल में उसे प्रपोज किया और शादी करने का झांसा देकर उसे नशीला पदार्थ पिलाकर दुष्कर्म किया था।

मामले में आरोपी अब तक पुलिस गिरफ्त से दूर है। 12 जुलाई को जिला कोर्ट ने करण मोरवाल की अग्रिम जमानत खारिज कर दी थी।

*होशंगाबाद में डंडा मारकर कांस्टेबल का कान फाड़ा, हाथ तोड़ा*

# झगड़ा सुलझाने पहुंची पुलिस टीम पर लोगों ने बरसाए डंडे

*होशंगाबाद (नसं)। होशंगाबाद के सिवनी-मालवा नगर में गुरुवार रात 11.30 बजे रेत से जुड़े विवाद को लेकर दो पक्ष आमने-सामने हो गए। एक पक्ष के करीब दर्जनभर लोग डंडों से मारपीट करने आए। झगड़ा सुलझाने गई पुलिस टीम पर भी लोगों ने हमला कर दिया। हमले में कांस्टेबल सुमित सिंह का कान फाड़ दिया और हाथ फैक्चर हो गया। सूचना मिलते ही थाने से बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंचा। इससे पहले ही मारपीट करने वाले लोग भाग निकले। दो लोगों को मौके से हिरासत में लिया। पुलिस ने एक पक्ष के 5 नामजद सहित अन्य लोगों के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा और शांति भंग कर एकत्रित होने का केस दर्ज किया। दूसरे पक्ष पर किसी भी प्रकार की कार्रवाई नहीं की।*



*सिवनी-मालवा के नीतेश बाथव और परवेज खान नर्मदा नदी के रेत कारोबार से जुड़े हैं। परवेज खान रेत चोरी कर बेचता है। एसडीओपी सौम्या अग्रवाल ने तीन दिन पहले परवेज खान की ट्रैक्टर-ट्रॉली का अवैध रेत चोरी का प्रकरण दर्ज हुआ है। आरोपी परवेज को शक है कि नीतेश बाथव ने उसकी ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़ाई। इसी शक के चलते गुरुवार रात को आरोपी परवेज खान और नीतेश के बीच विवाद हो गया।*

*विवाद इतना बढ़ा कि दोनों पक्ष के करीब दो दर्जन लोग डंडे लेकर आमने-सामने हो गए। सूचना मिलने पर रात 11.45 बजे सिवनी-मालवा थाने से एसआई आरसी खातरकर, कॉन्टेबल शैतान सिंह और सुमित सिंह पहुंचे। दोनों पक्ष डंडे से मार रहे थे। कॉन्टेबल सुमित सिंह को एक पक्ष ने डंडा मार दिया। इससे कान से खून निकलने लगा। उसे तुरंत अस्पताल इलाज कराने भेजा। दो लोगों को हिरासत में लिया। पुलिस ने शासकीय कार्य में बाधा और अन्य धाराओं में केस दर्ज किया।*

### *5 पर प्रकरण दर्ज, दो को हिरासत में लिया*

*एसडीओपी सौम्या अग्रवाल ने कहा नीतेश बाथव युवक ने गाली-गलौच की शिकायत लेकर आया था। विवाद की सूचना पर टीम पहुंची। एक कॉन्टेबल पर कुछ लोगों ने हमला किया। मामले में एक पक्ष के 5 नामजद सहित अन्य लोगों पर केस दर्ज किया है। दो लोगों को हिरासत में ले लिया है। शहर में देर रात हुए विवाद मामले में पुलिस ने कॉन्टेबल की तरफ से एक पक्ष के आरोपी परवेज खान, सिम्मी खान, अन्नू खान, शाहरूख खान, खालिर खान सहित अन्य के खिलाफ केस दर्ज किया।*

## संक्षिप्त समाचार

### मंत्री भूपेन्द्र सिंह मालथौन में विकास कार्यों का करेंगे भूमिपूजन एवं लोकार्पण

**सागर।** प्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेन्द्र सिंह शनिवार 4 सितम्बर को मालथौन में 5 करोड़ रूपए के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन और 1.29 करोड़ के आधुनिक स्वच्छता उपकरणों का लोकार्पण करेंगे। मालथौन के बस स्टेण्ड परिसर में 4 सितम्बर को दोपहर 12.30 बजे आयोजित समारोह में मंत्री भूपेन्द्र सिंह 5 करोड़ रूपए की लागत के अमारी एवं गौधाम जलाशय सौंदर्यीकरण और विकास कार्य सहित विभिन्न सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्यों का भूमिपूजन और नगर परिषद् मालथौन में स्वच्छता के आधुनिक उपकरणों का लोकार्पण करेंगे।

### कलेक्टर्स, कमिष्नर्स कॉन्फ्रेंस 13 को

**सागर। मुख्यमंत्री** शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में 13 सितंबर को कलेक्टर्स, कमिश्नर्स, पुलिस अधीक्षक एवं पुलिस महानिरीक्षक की वीसी आयोजित की जाएगी।

### पत्रकार यूनिस खान की माताजी का हुआ निधन

**केसली।** केसली नगर के पत्रकार यूनिस खान की माताजी वहीदन वी का बीमारी के चलते निधन हो गया।



वे 90 वर्ष की थी। वहीदन वी को पूरा केसली नगर अम्मा कहकर पुकारता था। अस्वस्थ होने के पहले तक उन्होंने इस नगर वासियों को अम्मा का फर्ज अदा किया। केसली नगर में यदि किसी का पेट दुखता था तो वह पहले अम्मा के पास जाते थे बाद में जरूरत पड़ने पर डॉक्टर के यहां जाते थे। केसली नगर वासियों ने उनके निधन होने पर श्रद्धांजलि अर्पित की। वे अपने पीछे 3 पुत्र अनीस खान, यासीन खान एवं यूनिस खान को छोड़ गई।

# सागर में आरोपी की जल्द गिरफ्तारी की मांग को लेकर परिजनों ने थाने के सामने शव रखकर किया प्रदर्शन

## एकतरफा प्यार के कारण आरोपी युवक ने की थी युवती की हत्या, परिजनों ने मोतीनगर थाने के सामने लगाया चक्काजाम

**अतुल्य भास्कर, सागर**

सागर के मोतीनगर थाना क्षेत्र के पगारा रोड़ पर शास्त्री वार्ड में गोली मारकर की गई युवती की हत्या के मामले में शुक्रवार को परिवार और समाज के लोगों ने चक्काजाम कर दिया। थाने के सामने सड़क पर शव रखकर आरोपी की जल्द गिरफ्तारी और जमानत पर नहीं छूटने की मांग की। इस बात की खबर मिलते ही सिटी मजिस्ट्रेट और एडिशनल एसपी मौके पर पहुंचे और परिवार वालों को समझाइश देकर शांत कराया।



दरअसल, मृतका पूनम केशरवानी के शव का शुक्रवार को पोस्टमार्टम कराया गया। पीएम के बाद पुलिस ने शव परिजन को सौंप दिया। इसके बाद परिवार और समाज के लोग शव लेकर मोतीनगर थाने पहुंच गए। उन्होंने थाने के सामने शव रखा और चक्काजाम कर दिया। परिवार वालों ने हत्या के आरोपी रोहित राजपूत की जल्द गिरफ्तारी और जमानत ना देने की मांग की। साथ ही वारदात में आरोपी के परिवार के सदस्यों को सहआरोपी बनाने की बात कहीं।

मामले की सूचना पर पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और लोगों को समझा कर शांत कराया। वहीं आरोपी को जल्द गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया। इसके बाद परिवार वाले शव लेकर अंतिम संस्कार के लिए रवाना हो गए।

**युवती की गोली मारकर की थी हत्या:** एकतरफा प्यार के कारण गुरुवार दोपहर को जब पगारा निवासी पूनम केशरवानी (21) कॉलेज से फीस भरकर घर लौट रही थी। घर से कुछ ही दूर पर मोहल्ले के ही आरोपी रोहित राजपूत ने गोली मारकर उसकी हत्या कर दी थी। वहीं मृतका पूनम के भाई और मां को मारपीट कर घायल किया था। आरोपी वारदात कर फरार हो गया था। मामले में पुलिस ने आरोपी का मकान तोड़ दिया है।

### आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस टीमें

हत्या कर फरार हुए आरोपी रोहित राजपूत की तलाश में पुलिस टीमें लगी हुई है। लोकेशन के आधार पर पुलिस घेराव कर रही है। वहीं कुछ संदिग्धों को उठाया है, जिनसे पुलिस आरोपी के संबंध में पूछताछ कर रही है। एडिशनल एसपी विक्रम सिंह कुशवाहा ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें लगाई गई हैं। जल्द गिरफ्तारी की जाएगी। वहीं परिवार वालों ने मांगों को लेकर अपनी बात रखी है। वारदात के सभी बिंदुओं पर जांच कर साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### मध्य प्रदेश बस ओनर्स एसोसिएशन की सागर में बैठक

# सरकार ने मदद नहीं की तो करेंगे हड़ताल: बस ओनर एसोसियेशन

**अतुल्य भास्कर, सागर**

शुक्रवार को मध्य प्रदेश बस ओनर्स एसोसिएशन के तत्वाधान में प्रदेश के 52 जिलों के प्रतिनिधियों की बैठक का आयोजन किया गया। बस संचालकों ने एक स्वर में कहा कि कोरानाकाल में बस संचालकों पर आफत टूटी है। सरकार ने मदद नहीं की तो सभी बस संचालक हड़ताल पर चले जाएंगे। एसोसिएशन ने कहा कि पिछले 4 माह से शासन से करोना काल में जो वाहन संचालन नहीं हुआ उसकी टैक्स माफी की जाए।

वाहनों के फार्म की फीस 100 की जाए। डीजल की मूल्यवृद्धि बढ़कर 100 हो गई है अतः किराया वृद्धि या वेट कम किया जाए। बैठक में निर्णय लिया गया की परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत से मिलकर




मांगों के निराकरण के संबंध में समय सीमा तय की जाए अन्यथा प्रदेश के सभी बस संचालक अनिश्चितकालीन बस संचालन हड़ताल पर चले जाएंगे। परिवहन मंत्री ने सोमवार को मिलने का समय दिया है, उसके पश्चात आगे की कार्रवाई का निर्णय लिया जाएगा। बैठक में रतलाम, धार, मंदसौर, विदिशा, भोपाल, सिरोंज, जबलपुर, कुरवाई, टीकमगढ़, दमोह, छतरपुर, पन्ना, नरसिंहपुर सहित सभी जिलों के बस आपरेटर प्रतिनिधि उपस्थित हुए। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष संतोष पांडे द्वारा की गई। बैठक का संचालन जयकुमार जैन महामंत्री द्वारा किया गया। कोषा अध्यक्ष अतुल दुबे एवं सागर के सभी बस आपरेटर उपस्थित रहे।

बैठक में निर्णय लिया गया कि विरोध स्वरूप प्रदेश के सभी बस ऑपरेटर अपने बसों में काले झंडे लगाकर विरोध प्रदर्शन प्रस्तुत करेंगे।

### डा. द्विवेदी राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंस्था की युवा शाखा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त

**सागर।** समाजवादी छात्र सभा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सागर वि.वि. के छात्र नेता डा. प्रियम द्विवेदी को राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंस्था की अनुशासन समिति की अनुशंसा उनकी अद्वितीय कार्यक्षमता एवं



समाज में लोकप्रियता के आधार पर महासंस्था की युवा शाखा का राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया गया उनकी नियुक्ति महासंस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. आदित्य मिश्रा ने की डा. द्विवेदी की नियुक्ति पर डा.विवेक तिवारी, पं. मनीष शर्मा, पं.राजेन्द्र पलिया, पं. दिनकर तिवारी. पं. मनीष दुबे, मनोज तिवारी,सुधीर तिवारी, पं. उदय तिवारी, युवराज दीक्षित, सौरभ पांडेय, ऋषिराज कुसमहा, विवेक दीक्षित, मुदित अवस्थी, छाया शर्मा, प्रियंका चौबे, पं. रामजी दुबे अनूप मिश्रा समेत अनेकों अन्य लोगों ने हर्ष व्यक्त किया एवं बधाईयां तथा शुभकामनायें दीं।

### लोमड़ी को अजगर ने जकड़ा तो बचाने पहुंचा वन विभाग

# 12 फीट लंबे, 40 किलो वजनी अजगर को काबू करने में छूट गए पसीने..



**अतुल्य भास्कर, सागर**

जिले के बंडा क्षेत्र में शुक्रवार की सुबह भारी भरकम अजगरने लोमड़ी को जकड़ लिया। इसके पहले की अजगर लोमड़ी को निगल पाता ग्रामीणों ने तुरंत वन विभाग को सूचना दी। जिसके बाद सागर से स्नेक केचर ने मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत कर अजगर पर काबू पाया। घटना करारपुर के पास निमोन पड़वार की बताई जा रही है।

निमोन पड़वार गांव के लोगों ने जब नाले के पास खेत में निढाल पड़े अजगर को देखा तो गांव में ये सूचना आग की तरह फैल गई। देखते ही देखते लोगों की भीड़ लग गई। जब लोगों ने गौर से देखा तो अजगर किसी जानवर को जकड़े हुए था। भारी भरकम अजगर की सूचना वन विभाग को दी गई। वहीं सागर से स्नेक केचर अकील बाबा को बुलाया गया। अकील बाबा जब मौके पर पहुंच गए तो उन्होंने स्थानीय लोगों की मदद से अजगर पर काबू पाया। वन विभाग की माने तो अजगर इतना खतरनाक था कि यदि गांव का कोई बच्चा या छोटा जानवर आ जाता तो वह उसे भी निगल जाता।

### लोमड़ी की मौत

घटना में अजगर की जबरदस्त जकडन. से लोमड़ी की मौत हो चुकी थी। प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो अजगर लोमड़ी को आधा निगल चुका था। लोमड़ी ने काफी संघर्ष किया लेकिन वह अजगर की जकड़ से बाहर नहीं निकल पाई। जब लोग वहां पहुंचे तो स्नेक कैचर अशद( अकील बाबा )ने अजगर के मुंह से लोमड़ी को निकाला और अजगर को पकडकर नौरादेही के जंगल में छोड़ दिया।

# आईटीआई सागर में अप्रेंटिसशिप ड्राइव का आयोजन 16 को, कंपनियों द्वारा 850 पदों पर की जाएगी भर्ती

**अतुल्य भास्कर, सागर।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, खुरई रोड सागर में एक दिवसीय अप्रेन्टिसशिप ड्राईव का आयोजन 16 सितंबर प्रातः 10 बजे से किया जाएगा। आईटीआई प्राचार्य ने बताया कि अप्रेन्टिसशिप ड्राईव में, वॉल्वो, आयशर कमर्शियल व्हीकल्स गुप भोपाल, देवास, पीथमपुर एवं बग्गड़ प्लांट आदि कंपनियां शामिल होंगी।

कंपनियों द्वारा 650 अप्रेंटिस एवं 200 एनईईएम के इस प्रकार कुल 850 पदों पर भर्ती की जाएगी। उक्त पदों हेतु 76 ट्रेड यथा फिटर, इलेक्ट्रीशियन, वेल्डर (गैस एण्ड इलेक्ट्रिक), मैकेनिक मोटर व्हीकल (एमएमव्ही), डीजल मैकेनिक, मशीनिस्ट, टर्नर, पेंटर, वायरमेन, ट्रैक्टर मैकेनिक, शीट मेटल वर्कर एवं अन्य 65 इंजीनियरिंग ट्रेड से आईटीआई एनसीव्हीटी, एससीव्हीटी के उत्तीर्ण पुरुष एवं महिला अभ्यर्थी शामिल हो सकते है। आवेदकों की न्यूनतम आयु 18 वर्ष होनी चाहिए।

स्टाइपेण्ड - 7700 से 10000 रुपये प्रतिमाह एवं अन्य सुविधाएं प्राप्त होगी। इच्छुक आवेदक अपने मूल प्रमाण पत्रों एवं बायोडाटा, सीव्ही एवं रिज्यूम सहित साक्षात्कार हेतु उपस्थित हों। अप्रेन्टिसशिप हेतु भर्ती अप्रेन्टिसशिप नियमों एवं कंपनियों के शर्तों अनुसार की जाएगी। अप्रेंटिसशिप ड्राइव में प्रतिभागिता हेतु यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

# झपकी लगने से अनियंत्रित कार पेड़ से टकराई, अस्पताल ले जाते समय युवक ने तोड़ा दम

**अतुल्य भास्कर, सागर/बीना**

सागर जिले के खुरई ग्रामीण थाना क्षेत्र में खिमलासा रोड पर सड़क दुर्घटना में भाजपा नेता के बेटे की मौत हो गई। दुर्घटना की सूचना पर पुलिस और परिवार वाले मौके पर पहुंचे। घायल को अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन जिला अस्पताल ले जाते समय युवक ने रास्ते में दम तोड़ दिया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। भाजपा नेता नारायण सिंह घोषी के बेटे संजय सिंह घोषी (26) निवासी लहटवास अपनी कार में सवार होकर गुरुवार रात विदिशा से अपने



घर लौट रहे थे। इसी दौरान खुरई ग्रामीण थाना क्षेत्र के खिमलासा रोड स्थित तलापार तिराहे के पास संजय की अचानक झपकी लगी और कार अनियंत्रित हो गई। संजय कार को संभाल पाते कि उसके पहले ही कार पेड़ से जा टकराई। घटना में संजय को गंभीर चोटे आईं। हादसे के समय कार में संजय अकेले थे। सूचना पर परिवार वाले मौके पर पहुंचे और घायल संजय को खुरई अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां से घायल को जिला अस्पताल रेफर किया गया। अस्पताल ले जाते समय रास्ते में संजय ने दम तोड़ दिया। सूचना पर पुलिस ने शव का पंचनामा बनाया और शुक्रवार को शव का पोस्टमार्टम कराया गया।

खुरई ग्रामीण थाना प्रभारी शैलेंद्र राजावत ने बताया कि झपकी लगने के कारण कार पेड़ से टकराने की बात सामने आई है। कार में मृतक अकेला था। मामले में मर्ग कायम कर जांच कर रहे हैं।

# जिले में अब तक 692 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**अतुल्य भास्कर, सागर।** सागर जिले में इस वर्षा सीजन में अभी तक 692.1 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। जिले में स्थापित वर्षामापी केन्द्रों में आंकी गई वर्षा रिकार्ड के अनुसार एक जून से आज तक केसली केन्द्र पर सर्वाधिक 1055.6 मि.मी. वर्षा दर्ज हुई है। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष आज दिनांक तक जिले में 839.65 मि.मी. वर्षा दर्ज हुई थी। जिले में 3 सितंबर को एक दिन में 1.4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक, भू-अभिलेख कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार जिले में स्थापित विभिन्न वर्षामापी केन्द्रों में 1 जून से आज दिनांक तक सागर केन्द्र में 576.5 मि.मी., जैसीनगर में 782.2 मि.मी., राहतगढ में 770.2 मि.मी., बीना में 656.2 मि.मी., खुरई में 828.7 मि.मी, मालथौन में 654.5 मि.मी., बण्डा में 409.8 मि.मी, शाहगढ में 489.1 मि.मी, गढ़ाकोटा में 565.4 मि.मी, रहली में 791 मि.मी., देवरी में 726.1 मि.मी. तथा केसली में 1055.6 मि.मी. वर्षा दर्ज हुई है।

# भू-अर्जन के लंबित प्रकरणों का निराकरण दो सप्ताह में करें: कलेक्टर दीपक सिंह

**अतुल्य भास्कर, सागर**

भू-अर्जन के लंबित प्रकरणों का निराकरण दो सप्ताह में करें। राष्ट्रीय राजमार्ग से संबंधित अवार्ड पारित प्रकरणों में मुआवजा राशि वितरण की कार्यवाही भी शीघ्र प्रारंभ करें। उक्त निर्देश कलेक्टर दीपक सिंह ने भू अर्जन की समीक्षा बैठक में समस्त अनुविभागीय अधिकारियों और तहसीलदारों को दिए।



कलेक्टर सिंह ने निर्देश दिए कि, लंबित भू-अर्जन के प्रकरणों का निराकरण शीघ्र करें। जिन मामलों का निराकरण किया गया है, उनके रिकॉर्ड का तत्काल दुरुस्तीकरण कराएं। उन्होंने कार्यपालन यंत्री द्वारा पिछली बैठक में दिए गए निदेर्शों का पालन नहीं करने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि, भू अर्जन से संबंधित प्रकरणों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतते हुए नियमानुसार कार्यवाही करें।

कलेक्टर सिंह ने कहा कि काली पठार, बंडा सिचाई परियोजना, उल्दन, पिपरिया, कड़ान परियोजना, बीना सिचाई परियोजना, आपचन्द जलाशय, खुरई में बीना कटनी रेल्वे तीसरी लाइन, हनोता परियोजना,मालथौन के जलाशय,मगरा जलाशय, सूरजपुरा जलाशय,पंचम नगर परियोजना, साजली परियोजना सहित अन्य परियोजना के लंबित प्रकरणों का निराकरण करें। कलेक्टर सिंह ने कहा कि किसानों को मुआवजा राशि का वितरण करने के पूर्व उनके खातों का सूक्ष्मता से परीक्षण करें। उन्होने निर्देशित किया कि जिन किसानों के खाते अद्यतन नहीं है, उनकी जांच कर उन्हें अद्यतन कराएं।

कलेक्टर सिंह ने लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए समस्त तहसीलदार और अनुविभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि समस्त प्रकरणों का निराकरण शीघ्रता से सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि, कैंप लगाकर लंबित प्रकरणों का निराकरण करें इसके लिए सर्व संबंधितों को पूर्व में ही सूचना दे दी जाए।

# सागर जिले में बनेगा बुन्देलखण्ड अंचल का वन्य जीव अभ्यारण्य

## राज्य वन्य प्राणी बोर्ड की बैठक में दी गई सैद्धांतिक मंजूरी

**अतुल्य भास्कर, सागर**

मध्यप्रदेश के सागर जिले में नया वन्य जीव अभ्यारण्य बनेगा। बुन्देलखण्ड अंचल के प्रकृति और वन्य जीव प्रेमियों के लिए यह अनूठा उपहार होगा। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में राज्य वन्य प्राणी बोर्ड की विगत दिनों हुई बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को सैद्यांतिक स्वीकृति दी गई है। उल्लेखनीय है कि वन मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह द्वारा वन्य जीव संरक्षण के प्रयासों को विस्तार देते हुए प्रदेश के आरक्षित वन क्षेत्रों में 10 नवीन अभयारण्य बनाए



जाने के निर्देश के पालन में वन विभाग ने यह महत्वपूर्ण पहल की है। विभाग द्वारा उत्तर सागर वन मण्डल का 25 हजार 864 हेक्टेयर (25864 वर्ग कि.मी.) क्षेत्र अभयारण्य के लिए चुना गया है। इसका मुख्यालय सागर और नाम डॉ. भीमराव अम्बेडकर अभयारण्य उत्तर सागर होगा।

प्रस्तावित अभयारण्य के 5 कि.मी. की परिधि में 88 ग्राम है जिनकी निस्तार व्यवस्था वनों पर आश्रित है। अभयारण्य क्षेत्र में 98.202 घन मीटर इमारती एवं 236 घनमीटर जलाऊ काष्ठ की अनुमानित राशि वार्षिक क्रमशरू 42 लाख एवं 4.96 लाख रुपए प्रभावित होना ऑकी गई है। अभयारण्य के लिए 42 अधिकारी-कर्मचारियों की तैनाती होगी। इनमें एक उप वन मंडल अधिकारी के अलावा वनक्षेत्रपाल, वनपाल और वन रक्षक के 41 पद प्रस्तावित किए गए हैं। अमले पर वार्षिक अनुमानित व्यय रुपए एक करोड़ 48 लाख आएगा।

## घरेलू गैस के दामों में लगी आग, दो माह में 75 रुपये महंगा हुआ सिलेंडर

# गैस सिलेंडर के दाम बढ़ने से रसोई बजट बिगड़ा, महंगाई से जीना दूभर

**अतुल्य भास्कर, दमोह/पथरिया**

देश प्रदेश में लगातार बढ़ती महंगाई के कारण लोगों का जीना मुश्किल हो गया है यही कारण है कि समस्या होने के कारण कांग्रेस ने इसे प्रमुखता से लेते हुए महंगाई के विरोध में जमकर प्रदर्शन किया। पेट्रोल डीजल की लगातार बढ़ती कीमतों से आमजन पहले ही परेशान है अब रसोई गैस के दामों ने हर घर की टेंशन बढ़ा दी है बेकाबू होती रसोई गैस की कीमतें घरों का बजट बिगड़ दिया है। बीत दो साल से कोरोना के कारण लोगों की आमदनी घट गई है। इस बीच अब रसोई गैस के दामों में 25 रूपए तक की बढ़ोतरी से घरों का बजट गड़बड़ा गया है। सिलेंडर की कीमत लगभग नौ सौ रुपए तक पहुंच गई है अच्छे दिन तो नहीं आए, अलबत्ता लकड़ी कंडे वाले चूल्हे के दिन जरूर लौट रहे हैं। बतादें कि पिछले 2 माह में घरेलू गैस के दाम 75 रुपए तक बढ़ चुके हैं, ऐसे में लोगों को खासा आक्रोश है।

**यह कैसा विकासः** रसोई गैस की लगातार बढ़ती कीमतों ने आम आदमी की कमर तोड़ कर रख दी है। आज रसोई गैस के अलावा खाना पकाने के अन्य विकल्प नहीं बचे हैं। ऐसे में रसोई गैस के दामों में आए दिन की बढ़ोतरी से लोगों का खाना पकाना भी मुश्किल हो गया है। कमर्शियल हो या घरेलू गैस के दामों में वृद्धि का भार आम जनता पर ही पड़ता है। सरकार को गैस के दाम कम करने के लिए शीघ्र ही आवश्यक कदम उठाने चाहिए। ऐसे आर्थिक विकास का कोई मतलब नहीं है, जिसकी वजह से आम आदमी का जीना ही दूभर हो जाए।

**उज्ज्वला योजना किस काम की:** एक बार फिर रसोई गैस की कीमतों में बढ़ोतरी हो गई। इस साल के शुरू से लेकर अब तक रसोई गैस के दामों मे एक सौ नब्बे रुपए की वृद्धि हो चुकी है। बढ़ती कीमतें सभी वर्ग के लोगों के लिए चिंतनीय है। सरकार ने उज्ज्वला योजना के तहत गरीब परिवारों को मुफ्त गैस सिलेंडर उपलब्ध कराए थे। अब बढ़ी हुई कीमतों पर सिलेंडर भरवाने की क्षमता नहीं है। सरकार के वे दावे खोखले नजर आते हैं ,जो उज्ज्वला योजना जारी करते हुए किए गए थे ।

### इनका कहना है

मनीषा दुबे कांग्रेस नेत्री का कहना है कि केंद्र में मोदी सरकार तथा प्रदेश में



शिवराज सरकार आने के बाद हालात यह है कि लोगों को दो वक्त की रोटी भी मोहताज नहीं हो पा रही है लगातार महंगाई चरम पर पहुंचती जा रही है। जनता त्रस्त और सरकार मस्त बढ़ती रसोई गैस की कीमतों से जनता परेशान है, पर सरकार चैन से सोई है। आमजन का जीना दुश्वार हो रहा है। घरेलू बजट गड़बड़ा रहा है। जनता की नाराजगी का सरकार पर कोई फर्क नहीं पड़ रहा है। सरकार बयान देकर बरी हो रही है। महंगाई की मार लगातार आम जनता भुगत रही है। घर के खर्चों में कमी करनी पड़ रही है। महंगाई की मार से जनता त्रस्त और सरकार मस्त है। रसोई गैस की कीमत में लगातार हो रही बढ़ोतरी से सभी परिवार दुखी और परेशान हैं। सब्सिडी का पैसा भी नहीं मिल पा रहा।

लक्ष्मन सिंह कांग्रेस नेता का कहना है कि मोदी सरकार ने सबसे ज्यादा गरीब वर्ग पर करारा प्रहार किया है सरकार के द्वारा गैस के दाम बढ़ाए जाने से जिन गरीब घरों में



लोग गैस का उपयोग करते लगी थी अब उन्हें गैस सिलेंडर बंद करके वापस लकड़ियों का सहारा लेना पड़ रहा है और फिर से पुराने युग में पहुंच गए हैं जिन्हें चूल्हा जलाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। अब भाजपा का असली चेहरा सामने आया है किसान, मजदूर, युवा बेरोजगार,आम जनता महगांई से हलाकान हो चुकी है डीजल, पेट्रोल, गैस की कीमतों में रोज रोज बृद्धि से लोग बहुत परेशान हो चुके हैं।

गौरव पटेल कांग्रेस नेता का कहना है कि पेट्रोल के दाम बढ़ाए जाने की बात सबसे ज्यादा इसका मध्यम वर्गीय परिवार पर हमला है। खाद्य



तेल गैस डीजल पेट्रोल के दाम प्रतिदिन बड़ने से आम जनता के घर का बजट बिगड़ गया है। आमजन परेशान रसोई गैस की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी से गरीब वर्ग बहुत ज्यादा परेशान हो रहा है। रसोई गैस अब मूलभूत आवश्यकता है। इसके बावजूद सरकार इसे लगातार महंगी कर रही है।

राकेश ठाकुर का कहना है कि भाजपा सरकार केंद्र की हो या प्रदेश की सबसे ज्यादा किसानों और गरीबों पर कहर ढाया है इन सरकारों ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है लगातार बढ़ती महंगाई के कारण कई किसान व मजदूर वर्ग आत्महत्या कर चुके हैं। कई लोग महंगाई के कारण बेरोजगार भी हो गई जिसके कारण उसने आत्महत्या करने के लिए विवश होना पड़ रहा है यह सब दोनों सरकारों की करतूत है ऐसी निकम्मी सरकारों को तत्काल बर्खास्त किया जाना चाहिए।

## बिगड़ती कानून व्यवस्था एवं नीमच में हुई आदिवासी व्यक्ति की हत्या के विरोध में युवक कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन



**अतुल्य भास्कर, केसली**

मध्यप्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था एवं वर्तमान में नीमच में हुई आदिवासी व्यक्ति की हत्या के विरोध में युवक कांग्रेस ने राज्यपाल के नाम तहसीलदार को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि मध्य प्रदेश में लगातार कानून व्यवस्था बिगड़ती जा रही है एवं विगत सप्ताह नीमच में चोरी के संदेह में एक आदिवासी व्यक्ति को कथित तौर पर ट्रक से बांधकर घसीटा गया जिससे पीड़ित आदिवासी की मौत हो गई थी जिससे प्रतीत हो रहा है कि अपराधियों के अंदर शासन प्रशासन का डर नहीं बचा है। इस ओर से कोई कार्यवाही नहीं की गई। इस भाजपा सरकार में लगातार दलित एवं आदिवासियों का लगातार शोषण किया जा रहा है। युवक कांग्रेस ने शासन प्रसाशन से अपराधियों पर कार्यवाही करने की मांग की है।

ज्ञापन देने वालों में ब्लॉक अध्यक्ष युवा कांग्रेस नीलेश विश्वकर्मा, अरविन्द साहू, बृजमोहन पटेल, भूपेंद्र साहू, सौरभ सोनी, राहुल राजपूत, मोनू राजपूत, विकास पटवा, रविन्द्र भाटिया गौरझामर, रीतेश गुरु, प्रिंस शर्मा,चंदन सिंह, भूपेंद्र ठाकुर, चंदन पटेल, आसिल खान, नीलेश ठाकुर, निरंजन राजपूत, आबूजर खान, रामेश्वर सिंह लोधी, सत्यपाल लोधी छोटेलाल पटेल रविकांत तिवारी, अर्पित यादव, मुकेश यादव, सोनू, शिवराज, ऋषि राजपूत अशोक सिंह मरकाम, राकेश ठाकुर, आदि शामिल रहे।

## अनुशासनहीनता पर भृत्य निलंबित

**अतुल्य भास्कर, हटा**

विगत दिनों एमएलबी कन्या शाला में पदस्थ भृत्य राजेन्द्र अवस्थी के खिलाफ पूर्व प्राचार्य द्वारा पत्र क्रमांक/2021/250 दिनांक 5 जुलाई 2021 को भृत्य के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही के लिए प्रस्ताव भेजा गया था। जिसमें उल्लेख किया गया था कि उक्त भृत्य द्वारा आदेशों की अवहेलना करना अनावश्यक शिकायतें एवं प्रारूप 28 भरकर स्वैच्छिक सेवा निवृत्ति की धमकी देना व पदीय दायित्वों के निर्वहन में उदासीनता कर सिविल सेवा आचरण नियम 1965 में निहित प्रावधानों के विपरीत आचरण किया जाना दर्शाया गया था। जिसकी शिकायत पर जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा उक्त भृत्य को कारण बताओ नोटिस जारी कर प्रतिवाद चाहा गया था जिस पर भृत्य द्वारा प्रतिउत्तर प्रस्तुत कर मानसिक व शारीरिक परेशानी का हवाला दिया गया था एवं प्रारूप 28 को वापस लेकर विधिवत पदीय दायित्वों के निर्वहन का लेख किया गया था परंतु उक्त भृत्य द्वारा पुनः 12 अगस्त को प्रारूप 28 अनिवार्य स्वैच्छिक सेवा निवृत्ति प्रस्तुत किया गया एवं वरिष्ठ अधिकारियों को मोबाइल व्हाट्सअप पर अनावश्यक शिकायते प्रेषित की गई जिनके खिलाफ जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना एवं अनावष्यक विवाद की स्थिति निर्मित किये जाने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर भृत्य राजेन्द्र अवस्थी को निलंबन अवधि में मुख्यालय कार्यालय विकास खंड शिक्षा अधिकारी नियत किया गया है जहां शासन के नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

# नगर पालिका कर्मी ने उत्पात मचाते हुए सी.एम.ओं. के केबिन में मारी लात

**अतुल्य भास्कर, बीना**

एक नगर पालिका कर्मचारी द्वारा नगर पालिका के अंदर जमकर उत्पात मचाने का मामला सामने आया। मिली जानकारी के अनुसार कर्मचारी की ड्यूटी टीकाकरण अभियान में लगा दी गयी थी, जिससे कर्मचारी नाराज होकर नगर पालिका के अंदर ही जमकर उत्पात मचाने लगा। ड्यूटी लगने से नाराज कर्मचारी ने पहले नगरपालिका के ही कर्मचारियों के साथ बहस की और फिर बाद में नगर पालिका सीएमओ के केबिन में लातें मारते हुए अपशब्द बोलने लगा। जिसके बाद वहां उपस्थित नगर पालिका इंजीनियर ने उसे रोकने का प्रयास किया तो गुस्साए कर्मचारी ने इंजीनियर के साथ ही अभद्रता शुरू कर दी।

### सीएमओ ने दर्ज कराई शिकायत

इस प्रकार कर्मचारी के बर्ताव को देखते हुए नगर पालिका सीएमओ ने पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई है। नपा अधिकारियों ने बताया कि नगरपालिका में पदस्थ स्थाईकर्मी मुकेश पटैरिया की टीकाकरण अभियान में ड्यूटी लगाई गई थी। इस बात को लेकर वह अधिकारियों से नाराज था। गुरुवार को वह गुस्से में आया और नगरपालिका के अंदर उत्पात मचाने लगा। कर्मचारी न सिर्फ अन्य स्टाफ के साथ अभद्रता की, बल्कि उसे रोने वाले इंजीनियर के साथ भी बुरा बर्ताव किया। कर्मचारी ने सारी हदें पार करते हुए अभद्र भाषा का उपयोग करते हुए सीएमओ के केबिन में लातें मारी। इसकी सूचना मिलने पर सीएम सुरेख जाटव नगरपालिका पहुंची और उन्हें कर्मचारी को समझाने का प्रयास किया। उन्होंने बताया कि टीकाकरण अभियान में सभी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी, तुम्हारे अलावा किसी को आपत्ति नहीं है। बावजूद इसके कर्मचारी शांत नहीं हुआ। हैरानी की बात तो यह है कि घटना के समय नगरपालिका के बाजू में बैठे विधायक महेश राय ने कर्मचारी को समझाने का प्रयास किया, लेकिन उन्होंने विधायक तक की बात नहीं मानी। इसके चलते सीएमओ सुरेखा जाटव ने कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई करने पुलिस को पत्र लिख कर कार्रवाई की मांग की।

### किसने क्या कहा

नपा के स्थाईकर्मी मुकेश पटैरिया ने नगरपालिका में उत्पात मचाते हुए कर्मचारियों से अभद्रता की है। जिसके बाद सीएमओ के आवेदन पर कर्मचारी के खिलाफ धारा 353 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

**- कमल निगवाल,थाना प्रभारी बीना**

## रातों रात हो रहा अवैध कब्जा भू-माफिया हौसले बुलंद

**अतुल्य भास्कर, पथरिया।** नगर के कई भागों में न केवल सरकारी जमीनो पर भी बड़े पैमाने पर अतिक्रमण किया जा रहा है कई भू माफिया अवैध कब्जा किए हुए हैं जिसके कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है इस ओर ना तो प्रशासनिक अधिकारी ध्यान दे रहे हैं ना ही जनप्रतिनिधि गंभीरता से ध्यान दे रहे हैं। सबसे बड़ी विडंबना यह है कि गोचर जमीन पर ही लोगों द्वारा कब्जा किया जा रहा है जिसके कारण मवेशियों को दाना पानी का इंतजाम बहुत मुश्किल हो गया है हालात यह है कि गोचर की जमीनों पर कब्जा होने से जानवरों को भोजन का इंतजाम नहीं हो पा रहा है। गायत्री शक्तिपीठ के पायस गोचर भूमि में किसी अनजान व्यक्ति द्वारा एक ही रात में अवैध कब्जा किया गया, यहां आस-पास सैकड़ों राष्ट्रीय पक्षी मोर, हिरण आदि इस प्राकृतिक वातावरण में रहते है। प्रशासन द्वारा किसी प्रकार का ध्यान नहीं दिया जा रहा है। प्राकृतिक वातावरण का दोहन लगातार जारी है। अवैध कब्जे को लेकर पूर्व में कई बार शिकायतें भी की गई लेकिन प्रशासनिक अधिकारियों ने गंभीरता से ध्यान नहीं दिया और अब हालात यह है कि यहां पर लगातार अतिक्रमण का दायरा बढ़ता जा रहा है लोग सरकारी जमीन कब्जा जामाने पर तुले हुए हैं लेकिन किसी का ध्यान नहीं है क्षेत्रीय लोगों ने तहसीलदार एसडीएम तथा कलेक्टर से कार्रवाई करने की मांग की है।



## क्षेत्रीय खाद्य पदार्थों को दैनिक भोजन में सम्मिलित करें : जिला कार्यक्रम अधिकारी डेहरिया

**अतुल्य भास्कर, होशंगाबाद।** महिला एवं बाल विकास विभाग होशंगाबाद द्वारा जिले में 01 से 30 सितम्बर 2021 तक मनाए जा रहे पोषण माह के अंतर्गत विभिन्न पोषण गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 3 सितम्बर को ग्राम निमसाड़िया में पोषण प्रदर्शनी, स्थानीय महिलाओं द्वारा पोषण स्लोगन प्रतियोगिता तथा पोषण परामर्श कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नवाचार के रूप में पोषण मटका रखा गया जिसके महत्व के बारे में महिलाओं को जानकारी दी गई। कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास जिला होशंगाबाद ललित डेहरिया, बाल विकास परियोजना अधिकारी होशंगाबाद ग्रामीण प्रमोद गौर, ग्राम सरपंच सरिता मलैया, सेक्टर पर्यवेक्षक श्रीमती प्रीति शर्मा, ग्राम अंतर्गत समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, साहियका एवं स्थानीय गर्भवती/धात्री महिलायें उपस्थित थी। कार्यक्रम के दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी डेहरिया के द्वारा पोषण माह का महत्व एवं स्थानीय खाद्यय पदार्थो के ज्यादा से ज्यादा उपयोग के बारे में समझाइश दी गई। डेहरिया के द्वारा पूर्व में सेम श्रेणी में आये हुये बच्चों क्रमशः आरजू एवं अल्तमस की माताओं से उनके स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली गई। जिसमें माताओं ने उनको बताया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं पर्यवेक्षक के माध्यम से उनके बच्चों को एन.आर.सी. में भर्ती कराया गया, जहाँ उनके बच्चों की अच्छी तरह से देखभाल की गई जिसकी वजह से उनका वजन में वृद्धि हुई। एन.आर.सी. से आने के उपरांत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा आंगनबाड़ी से वितरित किये जाने वाले पूरक पोषण के पैकेट उनके बच्चों को दिये गये। साथ ही उनके वजन की निगरानी भी की गई।

## आयुष आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

**अतुल्य भास्कर, होशंगाबाद।** आजादी के अमृत महोत्सव के तहत शुक्रवार को आयुष विभाग होशंगाबाद द्वारा उद्यान नर्सरी होशंगाबाद में आयुष आपके द्वार कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक होशंगाबाद डॉ सीताशरण शर्मा द्वारा जनसामान्य को औषधीय पौधे का वितरण कर और उनके महत्व के बारे में जानकारी दी गई। विधायक डॉ शर्मा ने बताया कि आयुष आपके द्वारा कार्यक्रम आयुर्वेद की रक्षा, औषधि पौधों के संवर्धन और संरक्षण की दिशा में बेहतर कदम है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से आंवला, मुनगा, पपीता, भुईआंवला, बेल, नीम, मीठीनीम, एलोवेरा आदि के कुल 250 पौधे वितरित किए गए। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि प्रकाश शिवहरे, यू.एस.श्रोति आर. एस. शर्मा, डॉ. शैलेंद्र कुमार आर्य, डॉ. एस.आर. करोंजिया, डॉ अक्षय जैन, डॉ एके पुष्कर, डॉ विश्वनाथ अहिरवार, डॉ सविता पुष्कर, डॉ आनंद सागर, डॉ मोहन मालवीय, डॉ यूसुफ अली डॉ ललिता उइके, कोमल नायक, शेर सिंह मालवीय, जय नारायण कटारे, श्रीमती प्रिया वाजपेई, सुश्री आशा इक्का, सुनील चौहान, आर के साध एस एच डी ओ, लवकेश पटेल, प्रभात मिश्रा विकास विस्तार अधिकारी, पंचायत सचिव एवं होशंगाबाद के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## अनुशासन एवं एंटी रेगिंग समिति की बैठक सम्पन्नः डॉ. कामिनी जैन

**अतुल्य भास्कर, होशंगाबाद।** शासकीय गृहविज्ञान स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के निदेर्शानुसार प्राचार्य डॉ. श्रीमती कामिनी जैन की उपस्थिति एवं मार्गदर्शन में अनुशासन एवं एंटी रेगिंग समिति की बैठक आयोजित की गई। सर्वप्रथम समिति की संयोजक डॉ. वर्षा चौधरी ने समिति की कार्यप्रणाली निदेर्शों एवं नियमों की विस्तृत जानकारी प्रदान की। प्राचार्य की उपस्थिति की में महाविद्यालय स्तर पर पेट्रोलिंग हेतु समिति का गठन किया गया जो समय समय पर रैगिंग के संबंध में समिति को अवगत करावे एवं एक कमेटी का भी गठन किया। जिसमें छात्राओं के अभिभावक, पुलिस प्रतिनिधि, पत्रकार, समाजसेवी एवं जनप्रतिनिधि को शामिल किया गया है। जिनसे इस संबंध में समय समय पर विचार विमर्श किया जायेगा। साथ ही महाविद्यालय में रैगिंग जैसे अपराध को रोकने रैगिंग लेने एवं अनुशासनहीनता करने वाली छात्राओं पर कार्यवाही की रूपरेखा तैयार की गई। जिसमें ऐसी छात्राओं को छात्रवृत्ति से बंचित करना, महाविद्यालय की विभिन्न गतिविधियों में सम्मिलित होने की अनुमति प्रदान न करना, निलंबन जैसे निर्णय लिये गये एवं महाविद्यालय में प्रवेश लेने वाली छात्राओं एवं उनके अभिभावकों से शपथ पत्र भरवाने का निर्णय लिया गया। महाविद्यालय रैगिंग नियमों के बोर्ड एवं बुकलेट तैयार कर शिक्षक, अभिभावकों की मदद से जानकारी भी प्रदान की जावेगी। इस अवसर पर समिति के सदस्य डॉ. श्रीमती किरण पगारे, डॉ. संध्या राय, डॉ. चन्द्रशेखर राज, डॉ. कैलाश डोंगरे, डॉ. रामबाबू मेहर, डॉ. आशीष सिंह, डॉ. रागिनी सिकरवार उपस्थित रहे।

## अरविंद सिंह ने संयुक्त संचालक लोक शिक्षण का पदभार ग्रहण किया

**होशंगाबाद।** संयुक्त संचालक लोक शिक्षण नर्मदापुरम् संभाग होशंगाबाद का पदभार गुरूवार को अरविंद सिंह ने ग्रहण कर लिया है। सिंह ने कार्यालयीन स्टाफ से परिचय प्राप्त किया तथा पदभार ग्रहण पश्चात शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय होशंगाबाद का औचक निरीक्षण किया। यहाँ स्कूल परिसर एवं शौचालय में गंदगी, पाई गई एवं संस्था प्रांगण में दुकान संचालित पाई गई साथ ही संस्था के सहायक ग्रेड-3 विवेक मिश्रा एवं भृत्य श्रीमती रूकमणी बाई अनुपस्थित पाए गये। सिंह ने सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए जहां स्कूल परिसर में स्थापित दुकान संचालक की दुकान को तत्काल हटवाया गया, वहीं अनुपस्थित पाए गये कर्मचारियों के एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। सिंह ने स्कूल परिसर में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था के निर्देश दिए तथा प्राचार्य को कारण बताओं सूचना पत्र जारी कर निर्देशित किया कि सात दिवस के अंदर स्कूल परिसर की व्यवस्थाओ में सुधार किया जाए। उन्होंने इस अवसर पर शिक्षकों से चर्चा की और उनसे कहा कि वे शैक्षणिक कार्य में रूचि लेकर अध्यापन का कार्य करें।

# ग्रामीण क्षेत्रों में चल रहा अवैध शराब कारोबार, ग्राम सिरचौपी के लोगों ने सौंपा ज्ञापन

**अतुल्य भास्कर/बीना**

बीना तहसील में इन दिनों अधिकतर ग्रामीण क्षेत्रों में जगह-जगह शराब की अवैध बिक्री जोरों से चल रही है। इस ओर न आबकारी विभाग और न ही पुलिस विभाग ध्यान दे रहा है, जिसके कारण शराब बेचने के अवैध कारोबार से जुड़े लोग धड़ल्ले से बिना किसी कानून की डर से शराब की अवैध बिक्री कर रहे हैं। ऐसा लगता है प्रशासन ने भी शराब माफियाओं को मौन स्वीकृति प्रदान कर रखी हो। जिसके कारण बिना डर भय के अवैध शराब के कारोबारियों को सुबह से देर रात्रि तक शराब बेचते देखा जा सकता है।आबकारी व पुलिस विभाग की तरफ से किसी भी प्रकार की कोई भी कार्यवाही नजर नहीं आ रही है। क्या शासन सरकारी शराब दुकान के अधिक मुनाफा को देखकर अवैध शराब बेचने से लेकर शराब कोचियों को खुली छूट दे रखी है या फिर आबकारी और पुलिस विभाग की सांठगांठ से इन अवैध कारोबार को खुला संरक्षण दे रखा है। अधिकतर ग्रामीण क्षेत्रों मे खुलेआम शराब बेचने एवं पीने पिलाने का सिलसिला लगातार जारी है।

### ग्रामीणों ने अवैध शराब की बिक्री बन्द करने दिया ज्ञापन

अवैध शराब का कारोबार नगर के साथ साथ आस पास के लगे ग्रामीण इलाकों में भी जमकर फल फूल रहा है। जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में भय का माहौल बन रहा हैं। ऐसा ही मामला बीना तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम



सिरचौपी का सामने आया हैं। जिसको लेकर कल ग्राम के लोगों ने कल बीना अनुविभागीय अधिकारी प्रकाश नायक को एक ज्ञापन सौपा है। ज्ञापन में ग्रामवासियों ने ग्राम सिरचोपी में अवैध शराब की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग करते हुए कहा कि ग्राम सिरचौपी थाना भानगढ़ में गत दिनों से अवैध शराब की बिक्री शुरू हो गयी है,जिसके कारण ग्राम सिरचोपी में आये दिन किसी न किसी कारण विवाद की स्तिथि बन रही है। जिसकी सुनवाई स्थानीय थाना भानगढ़ और पुलिस चौकी सिरचोपी में किसी तरह की सुनवाई नहीं होती है। ग्राम वासियों ने बताया कि ग्राम निवासी भैया राम ठाकुर और ऊधम अहिरवार के द्वारा की जा रही अवैध शराब की बिक्री पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाया जाये। जिससे गांव में फिर से अच्छा माहौल बन सके।

### जल्द होगी कार्रवाई

मुझे ऐसी कोई जानकारी प्राप्त नही हुई हैं, अगर अवैध शराब बेची जा रही है तो सख्त कार्यवाही की जायेगी।अवैध कार्य करने वालों को बक्शा नहीं जाएगा।

**- हरि सिंह तोमर,चौकी प्रभारी सिरचोपी बीना**

## म्युनिसिपल स्कूल में 3 एवं 4 सितम्बर को शिविर का आयोजन

**अतुल्य भास्कर, सागर।** नगर निगम आयुक्त आर.पी.अहिरवार के निदेर्शानुसार दीनदयाल अंत्योदय योजनान्तर्गत राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अंतर्गत म्युनिसिपल स्कूल में 3 एवं 4 सितम्बर को रोजगार शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमें कौशल प्रशिक्षण के माध्यम से रोजगार घटक में शहरी गरीब परिवार के 18 से 35 वर्ष आयु वर्ग के युवक युवतियों से विभिन्न ट्रेडो में प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र लिये जा रहे है। शिविर में पंजीकृत युवक-युवतियों को नगरीय क्षेत्र सागर में केन्द्र स्थापित कर चयनित आवेदको को विभिन्न ट्रेड में प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। जिन ट्रेडो में अभ्यार्थियों को प्रशिक्षण दिया जायेगा उनमें कंसट्रक्शन, ग्रीन जॉब, फूड प्रोसेसिंग, हेल्थ केयर, आई.टी.इलेक्ट्रानिक्स एण्ड हार्डवेयर एवं आटोमोटिव शामिल है।

सुविचार

सफलता हांथों की लकीरों से नहीं,
माथे के पसीनों से मिलती हैं।
- अज्ञात

# आंकड़े और हकीकत के बीच भविष्य की चिंता

हाल में मौजूदा वित्त वर्ष की पहली यानी तिमाही में आर्थिक विकास दर यानि जीडीपी के 20.1 प्रतिशत रहने की बड़ी चर्चा है। सरकार इसे अपनी उपलब्धि व अर्थव्यवस्था के पटरी पर लौटने के साफ संकेत मान रही है। वजह यह है कि पिछले साल की इसी तिमाही में जीडीपी में 24.4 प्रतिशत की गिरावट आई थी। यानी पिछले वित्त वर्ष की पहली तिमाही में भारी गिरावट के कारण इस साल अप्रैल-जून तिमाही में जीडीपी ग्रोथ अच्छी दिख रही है। अगर इसकी तुलना कोरोना महामारी के दस्तक देने से पहले यानी वित्त वर्ष 2019-20 की अप्रैल-जून तिमाही से करें तो यह 9.4 प्रतिशत कम है।वित्त वर्ष 2020-21 की आखिरी तिमाही की तुलना में इस साल की अप्रैल-जून तिमाही की आर्थिक विकास दर 16.9 फीसदी कम है। इसकी वजह कोरोना की दूसरी लहर रही, जिससे अर्थव्यवस्था को उबरने में वक्त लग सकता है।अभी तो लगता नहीं कि वित्त वर्ष की बाकी तीन तिमाहियों में जीडीपी ग्रोथ में इतनी बढोतरी होगी कि अर्थव्यवस्था का आकार महामारी से पहले के स्तर तक पहुंच पाएगा। जीडीपी के अनुपात में ग्रॉस फिक्स्ड कैपिटल फॉर्मेशन महामारी के पहले के 27 प्रतिशत तक पहुंच गया है। याद रखना होगा कि कोरोना के दस्तक देने से पहले भी जीडीपी दर कमजोर थी। इसमें दूसरी दिक्कत यह है कि सरकार के खर्च बढाने से अर्थव्यवस्था में निवेश बढा है। यह अच्छा तो है, लेकिन इकॉनमी की रफ्तार तेज करने और उसकी अच्छी सेहत के लिए निजी क्षेत्र की ओर से निवेश बढना भी जरूरी है। वह तभी होगा, जब वस्तुओं और सेवाओं की खपत में बढोतरी होगी।देश की अर्थव्यवस्था में 50 प्रतिशत का योगदान रखने वाला प्राइवेट कंजम्पशन इस साल की अप्रैल-जून तिमाही में 19.3 प्रतिशत बढा, जबकि एक साल पहले की इसी तिमाही में इसमें 26.2 प्रतिशत की गिरावट आई थी। दूसरे आंकडे भी संकेत दे रहे हैं कि इसमें कोरोना की दूसरी लहर के बाद रिकवरी नहीं हुई है। रिजर्व बैंक के मई और जुलाई के कंज्यूमर कॉन्फिडेंस सर्वे दिखाते हैं कि इसमें सुधार नहीं हुआ है। निजी खपत और कंज्यूमर कॉन्फिडेंस को बढावा देने केंद्र को पेट्रोल और डीजल पर टैक्स घटाने पर भी विचार करना चाहिए। इससे आम लोगों के हाथ में खर्च करने के लिए पैसा बढेगा। पेट्रोल-डीजल की ऊंची कीमतों और सप्लाई संबंधी बाधाओं के कारण इधर महंगाई दर में भी बढोतरी हुई है। चूंकि महंगाई की सबसे अधिक चोट गरीबों पर पड;ती है। इसलिए ईंधन के दाम में कटौती बहुत जरूरी है। हालांकि सरकार ने अर्थव्यवस्था की रफ्तार तेज करने के लिए भारी-भरकम निवेश की योजना बनाई है। इसके लिए वह अपनी संपत्तियां लीज पर देकर पैसा जुटाएगी, लेकिन इस योजना पर अमल में वक्त लग सकता है।इस बीच अपनी आर्थिक उपलब्धियों और योजनाओं को लेकर वह सरकार विपक्ष के निशाने पर भी है। कांग्रेस ने जीडीपी में इजाफे को गैस,डीजल,पेट्रोल की कीमतों में वृध्दि से जोड दिया है।उसने विनिवेश और निवेश की योजनाओं पर भी सवाल उठाए हैं और यहां तक कहा है कि उसके पास बेहतर विशेषज्ञ और हालातों पर काबू पाने के उपाय भी हैं। कुल मिलाकर राजनीतिक रस्साकशी के बीच सरकार को फौरन कर्ज लेकर ही सही लेकिन निवेश बढाना चाहिए। इससे रोजगार में बढोतरी होगी,वरना सीएमआईई की ताजा रिपोर्ट साफ बता रही है कि पिछली तिमाही में 16 लाख लोग रोजगार से हाथ धो बैठे हैं।

# जीडीपी के आंकड़े : धीरे-धीरे पटरी पर लौटती अर्थव्यवस्था

अश्विनी महाजन

मंगलवार को जारी जीडीपी के आंकड़ों के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2021-22 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में 2011-12 की स्थिर कीमतों के आधार पर देश की जीडीपी पिछले वर्ष की इस तिमाही की तुलना में 20.1 प्रतिशत के उछाल के साथ 32.38 लाख करोड़ रुपये पहुंच गई है।




यदि चालू कीमतों के आधार पर देखें, तो पिछले वर्ष की इसी तिमाही की तुलना में जीडीपी 26.5 प्रतिशत के उछाल के साथ 46.20 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गई है। जब हम इस उछाल का विश्लेषण करते हैं, तो पाते हैं कि अर्थव्यवस्था के जिस क्षेत्र में सबसे बड़ा उछाल आया है वह औद्योगिक क्षेत्र है, जिसके महत्वपूर्ण घटक मैन्यूफैक्चरिंग में 49.6 प्रतिशत और कंस्ट्रक्शन (निर्माण) में 68.3 प्रतिशत का उछाल देखा जा रहा है। खनन में 18.6 प्रतिशत और व्यापार, होटल, यातायात और संचार सेवाओं में 34.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है। वास्तव में भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए यह बहुत बड़ी राहत है।

सरकार जहां इसके लिए अपनी नीतियों को श्रेय दे रही है, वहीं विपक्षी दल इस वृद्धि को पिछले वर्ष की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में लॉकडाउन के कारण आर्थिक गतिविधियों के ठप्प होने की वजह से आई गिरावट के कारण जीडीपी की इस वृद्धि को कोई उपल्बधि नहीं मान रहे। अर्थशास्त्र की भाषा में इसे 'लो बेस इफेक्ट' के नाम से जाना जाता है। लेकिन यदि विपक्षियों की यह बात मान भी ली जाए, तो भी यह स्वीकार करना होगा कि अर्थव्यवस्था महामारी के दुष्प्रभाव से अब बाहर आने लगी है। महामारी के कारण देश में आर्थिक गतिविधियां ठप्प हो जाने के कारण बेरोजगारी रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई थी। मैन्यूफैक्चरिंग लगभग ठप्प हो गई थी और मजदूर अपने गांव लौट गए थे। फैक्टरियां और सेवा क्षेत्र के जो कार्यालय काम कर भी रहे थे, वहां कामगारों को आधे या उससे भी कम वेतन पर काम करना पड़ रहा था। यातायात पूरी तरह से ठप्प होने से पेट्रो उत्पादों की मांग रसातल में पहुंच गई थी।

देश में मैन्यूफैक्चरिंग का लगभग आधा हिस्सा ऑटोमोबाइल क्षेत्र से आता है, इसलिए वाहनों की मांग में भारी कमी आई थी। आवश्यक सेवाओं के अतिरिक्त लगभग सभी वित्तीय एवं व्यापारिक सेवाएं बंद थीं। इसका असर जीडीपी और बेरोजगारी, दोनों पर पड़ा। वर्तमान आंकड़ों से स्पष्ट है कि अर्थव्यवस्था उस गिरावट के प्रभाव से बाहर आ रही है। मैन्यूफैक्चरिंग उत्पादों में सबसे बड़ी वृद्धि (234.4 प्रतिशत) व्यावसायिक वाहनों की बिक्री में हुई। उससे कम, लेकिन बड़ी वृद्धि (110.6 प्रतिशत) निजी वाहनों की बिक्री में हुई। फिर इस्पात की बिक्री में 103.1 प्रतिशत, सीमेंट के उत्पादन में 52.9 प्रतिशत, रेल यात्री यातायात (यात्री किलोमीटर) में 55.60 प्रतिशत, वस्तुओं एवं सेवाओं के आयात में 72.8 प्रतिशत और निर्यात में 49 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। औद्योगिक उत्पादन सूचकांक भी बढ़ा और मैन्यूफैक्चरिंग में 53.7 प्रतिशत उछाल देखा गया। बंदरगाह पर 'कार्गो' में 26.5 प्रतिशत और एयरपोर्टों पर 'कार्गो' में 118.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। विमान यात्रियों की संख्या में 366.3 प्रतिशत वृद्धि हुई। ये सभी आंकड़े दिखाते हैं कि इस तिमाही की ग्रोथ पिछले साल की गिरावट की भरपाई तो कर ही रही है, अर्थव्यवस्था भी पटरी पर आने लगी है।

गिरावट से निपटने के लिए सरकार ने भी कई प्रकार के प्रयास किए। मजदूरों पर पड़े दुष्प्रभावों की भरपाई के लिए विशेष रोजगार कार्यक्रम, 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन की व्यवस्था, लघु एवं मध्यम उद्योगों के लिए विभिन्न राहत एवं समर्थन की नीति और उपाय अपनाए गए, तो अर्थव्यवस्था को आत्मनिर्भरता की राह पर ले जाने के भी प्रयास शुरू हुए हैं। गौरतलब है कि पिछले 20 वर्षों में चीन से असमान प्रतिस्पर्धा, चीन द्वारा अपनाए जाने वाले अनैतिक हथकंडे जैसे गैरकानूनी निर्यात सहायताएं, गलत बिलिंग (अंडर इन्वॉयसिंग), गैरकानूनी डंपिंग आदि के कारण देश का मैन्यूफैक्चरिंग क्षेत्र बुरी तरह प्रभावित हुआ। अनेक उद्योग-धंधे बंद हुए और बेरोजगारी में वृद्धि हुई। कोरोना काल में भारत ही नहीं, संपूर्ण विश्व में चीन के प्रति नाराजगी भी बढ़ी और देश में आत्मनिर्भरता की नई इच्छा जागृत हुई। भारत सरकार द्वारा आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को लेकर कई उपाय किए जा रहे हैं। सरकारी खरीद में भारत में निर्मित वस्तुओं को प्राथमिकता की नीति तो पिछले चार-पांच साल से चल ही रही थी, अब सरकार द्वारा भारत में मैन्यूफैक्चरिंग को पुनर्जीवित करने के लिए उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना की घोषणा की गई है, जिसमें लगभग दो लाख करोड़ रुपये की राशि अगले कुछ वर्षों के लिए आवंटित की गई है। चीन से आयात कम करने के उपाय किए जा रहे हैं।

इन सबसे मैन्यूफैक्चरिंग क्षेत्र को नया जीवन मिल सकता है। मैन्यूफैक्चरिंग एक ऐसा क्षेत्र है, जिसमें अन्य गतिविधियों की तुलना में रोजगार की संभावनाएं सबसे अधिक होती हैं। उदाहरण के लिए, ऑटोमोबाइल क्षेत्र में पिछले तीन दशकों में उत्पादन में अभूतपूर्व वृद्धि होने से एक ओर बड़ी संख्या में सहायक उद्योगों का सृजन हुआ है, तो दूसरी ओर ऑटोमोबाइल के बिक्री केंद्र और अन्य सहायक गतिविधियों के माध्यम से बड़ी मात्रा में उद्यमों का निर्माण भी संभव हुआ है, जिससे न केवल रोजगार मिला, बल्कि देश इस क्षेत्र में पूरी तरह से आत्मनिर्भर हो गया। आज भारत बड़ी मात्रा में ऑटोमाबाइल उत्पादों का निर्यात भी कर रहा है। पहली तिमाही में मैन्यूफैक्चरिंग में हुई वृद्धि से रोजगार और आय में हुई कमी की भरपाई होगी। लेकिन एक तिमाही के नतीजों से यह निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता कि अर्थव्यवस्था कठिनाइयों से बाहर आ गई है। हां, यह जरूर कहा जा सकता है कि अर्थव्यवस्था पटरी पर लौट रही है। दुनिया भर में चीन के प्रति बढ़ते गुस्से को एक अवसर में बदलकर भारत दुनिया में 'मैन्यूफैक्चरिंग हब'बने, इसके लिए बड़े प्रयास की जरूरत होगी।

**साभार** : अमर उजाला

## निशाना

### गैस का सिलेंडर !



- कृष्णेन्द्र राय

हुआ महंगा फिर से ।
गैस का सिलेंडर ।।
हो जाएगा त्वरित ।
लागू हो निडर ।।
पग-पग अब जनता पर ।
बढ़ रहा है बोझ ।।
हो जाये फिर सस्ता ।
हुई ऐसी खोज ?

आमदनी है शून्य ।
मंहगाई का राज ।।
होगा इसका अंत ?
या अभी आगाज़ ।।
पड़ी जेब पर मार ।
मिला समाचार ।।
हम सहने के आदी ।
छोटे-मोटे भार।।

## आज का इतिहास

- 1783 - अमेरिका और ब्रिटेन में पेरिस की संधि से क्रांतिकारी युद्ध समाप्त हो गया।
- 1833 - अमेरिका में पहली सफल समाचार पत्र 'न्यूयार्क सन' बेंजामिन एच डे के द्वारा शुरू किया गया था।
- 1939 - ब्रिटिश प्रधानमंत्री नेविले चेम्बरलिन द्वारा एक रेडियो प्रसारण पर ब्रिटेन और फ्रांस का जर्मनी के खिलाफ युद्ध की घोषणा करने के साथ ही द्वितीय विश्व युद्ध शुरु हुआ।
- 1943 - दूसरे विश्व युद्ध के दौरान मित्र राष्टों ने इटली पर हमला किया।
- 1971 - कतर स्वतंत्र राष्ट्र बना।
- 1984 - दक्षिण फिलिपीन्स में आये एक भयानक तूफान की वजह से करीब 1300 मारे गए और सैकड़ों घायल हुए।
- 1998 - नेल्सन मंडेला द्वारा गुट निरपेक्ष आंदोलन शिखर सम्मेलन में कश्मीर का मुद्दा उठाने पर प्रधानमंत्री वाजपेयी ने कड़ी आपत्ति व्यक्त की।
- 2003 - पाकिस्तान सरकार ने बेनजीर भुट्टो पर देशद्रोह के मुकदमा का निर्णय।
- 2004 - रुसी सैनिकों ने अपहरणकर्ताओं के कब्जे से स्कूल मुक्त कराया।

# फौलादी इरादे-पैर से सोने का संधान

अरुण नैथानी

उस व्यक्ति के सपनों के संघर्ष का अंदाजा सहजता से लगाया जा सकता है, जिसने अल्पायु में पिता को खो दिया और फिर किशोरावस्था में हुई दुर्घटना में अपना एक पांव गंवा दिया हो। कभी उसकी इच्छा देश के लिये कुश्ती में ओलंपिक पदक लाने की थी।

जब एक पांव गंवाना पड़ा तो यह सपना भी अधूरा रह गया। फिर कुश्ती के लिये पदक जीतने का सपना टूट जाने पर उसने नई खेल विधा में अपना भविष्य संवारने का संकल्प लिया। उसने संकल्प लिया कि वह पैरा खेलों में अपनी ऊर्जा लगाएगा। फिर दृढ़ निश्चय और मेहनत से उसने जीवन का संकल्प पूरा किया। सुमित आंतिल के संकल्प की यह कहानी इस बार के टोक्यो पैरालंपिक में तब हकीकत बनी जब उसने कई रिकॉर्ड बनाते हुए भाला फेंक में देश की झोली में सोने का पदक डाल दिया।

निस्संदेह, एक पैरा ओलंपिक खिलाड़ी का संघर्ष एक सामान्य खिलाड़ी से कई गुना ज्यादा होता है। एक तो उसे शारीरिक अपूर्णता के खिलाफ संघर्ष करना होता है, दूसरे शरीर के अनुरूप खेल सुविधाएं न होने का दंश भी झेलना पड़ता है। विडंबना यह है कि हम पैरा खिलाड़ियों की उपलब्धियों को तरजीह नहीं देते। जबकि वे भी पैरा स्पर्धाओं में उसी विश्व स्तर की प्रतियोगिता का सामना करते हैं। हमें इस सवाल पर आत्ममंथन करना चाहिए कि क्या हम ओलंपिक में भाला स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने वाले नीरज चोपड़ा के जैसा ही सम्मान पैरालंपिक में भाला स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने वाले सुमित आंतिल को देंगे? जबकि दोनों ही खिलाड़ी विश्व स्तर के मुकाबले का सामना करते हैं। दोनों ही देश की यश-कीर्ति की पताका फहराते हैं।

बहरहाल, पैरालंपिक 2020 में सुमित ने नया इतिहास रच दिया। उन्होंने दो विश्व रिकॉर्ड बनाकर स्वर्ण पदक जीता है। सोनीपत, हरियाणा के सुमित ने पुरुषों की एफ-64 स्पर्धा में अपना ही विश्व रिकॉर्ड तोड़ते हुए यह कामयाबी हासिल की। इस 23 वर्षीय खिलाड़ी ने अपने पांचवें प्रयास में 68.55 मीटर भाला फेंककर विश्व रिकॉर्ड बनाया।

दरअसल, जब सुमित बारहवीं कक्षा में था तब एक सड़क हादसे में उसकी बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी। डॉक्टरों को उनकी जान बचाने के लिये उनके बायें पैर के घुटने के नीचे के हिस्से को काटना पड़ा। वे अब कृत्रिम पैर लगाकर खेलते हैं। इस हादसे के




बाद उनके ही गांव के एक पैरा एथलीट ने वर्ष 2018 में उन्हें इस खेल के बारे में बताया था। सुमित नीरज चोपड़ा को अपना आदर्श मानते रहे हैं। इस साल मार्च में जब पटियाला में इंडियन ग्रां पी सीरिज आयोजित की गई तो वे नीरज चोपड़ा के खिलाफ खेले थे और 66.43 के अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ सातवें स्थान पर रहे थे। वर्ष 2019 में दुबई में आयोजित विश्व चैंपियनशिप में एफ-64 स्पर्धा में रजत पदक जीतने में कामयाब रहे थे, जिसके चलते उनका टोक्यो पैरालंपिक के लिये टिकट पक्का हो पाया। टोक्यो पैरालंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले सुमित कहते हैं कि उन्होंने अभी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं किया है। अभी 23 साल के सुमित का बहुत खेल बाकी है और निश्चित रूप से वे देश की उम्मीदों के प्रतीक हैं। सुमित कहते भी हैं कि यह मेरा पहला पैरालंपिक था, इस वजह से मैं कुछ नर्वस था। मेरी सोच थी कि मेरा थ्रो कम से कम 70 मीटर तक जायेगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। विश्व रिकॉर्ड बनाकर भी मैं संतुष्ट नहीं हूं।

कभी सुमित पहलवानी में अपनी किस्मत आजमाना चाहते थे। वे कहते हैं- 'मेरे इलाके के परिवार हर किसी को पहलवानी में उतरने के लिये मजबूर करते थे। मैंने सात साल की उम्र में कुश्ती के दांवपेच आजमाने शुरू कर दिये थे।' वे पांच साल तक कुश्ती खेलते रहे। लेकिन दुर्घटना ने उनकी कुश्ती भी छीन ली। सुमित मानते हैं कि वे इतने अच्छे पहलवान नहीं थे। इस हादसे ने उनकी जिंदगी बदल दी। जब वे स्टेडियम में पैरा एथलीटों को देखने गये तो उन्हें सलाह दी गई कि उनका शरीर सौष्ठव अच्छा है, तुम पैरालंपिक में अपनी किस्मत आजमा सकते हो। आज जब सुमित का सपना पूरा हुआ है तो वह बेहद खुश है। दरअसल, अर्जुन अवार्डी कोच नवल सिंह के कहने पर सुमित ने जैवलिन थ्रो खेलना आरंभ किया था। पहले-पहल एशिया चैंपियनशिप में वह बहुत कुछ न कर सके, लेकिन 2019 की विश्व चैंपियनशिप ने उनकी किस्मत बदल दी।

सोनीपत के खेवड़ा गांव का सुमित आज पूरी दुनिया में अपनी कामयाबी की धूम मचा रहा है। इस सफलता से वह उस दर्द को भूल गया जो उसने महीनों अस्पताल में बिताने पर महसूस किया था। इसके बाद वर्ष 2016 में पुणे में कृत्रिम पैर लगा तो उसका विश्वास बढ़ा। शुरुआत में कोच वीरेंद्र धनखड़ ने उनका मनोबल बढ़ाया और दिल्ली के साई सेंटर लेकर पहुंचे।

इस बार के ओलंपिक में भाला फेंक में स्वर्ण पदक जीतने वाले नीरज चोपड़ा को आंतिल अपनी प्रेरणा मानते हैं। जब नीरज ने गोल्ड जीता तो सुमित को लगा कि मैं भी गोल्ड जीत सकता हूं। सुमित को इस बात का मलाल रहा कि वह नीरज की तरह भारतीय सेना में नहीं जा सके। लेकिन नीरज के पदक जीतने से मुझे मानसिक ताकत मिली। वे बताते हैं कि ट्रेनिंग के दौरान नीरज ने कहा था कि आपके अंदर पावर काफी है, बस आपको भाला फेंकने की तकनीक पर ध्यान देना है। फिर मैंने कोच नवल सिंह व वीरेंद्र धनखड़ की देखरेख में तकनीक पर ज्यादा ध्यान केंद्रित किया। फिर अच्छी तैयारी से मैं सोने का पदक ला सका। ये पदक नीरज चोपड़ा और मेरे कोचों को समर्पित है।

**साभार** : द ट्रिब्यून

# अन्न उत्सव का आयोजन 7 को



**अतुल्य भास्कर, सागर**

कलेक्टर दीपक सिंह ने कहा कि राशन वितरण कार्यक्रम को उत्सव के रूप में मनाया जाए। उल्लेखनीय है कि, आगामी 7 सितंबर को सभी शासकीय उचित मूल्य की दुकानों में अन्न उत्सव का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर सिंह ने अन्नोत्सव के इस आयोजन के लिए खाद्य विभाग और राजस्व अधिकारियों को जरूरी तैयारियों के संबंध में निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दुकानों का निरीक्षण कर सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराएं। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक विकासखंड में कम से कम 2 आदर्श राशन वितरण केंद्र भी बनाएं। दुकानवार हितग्राहियों की सूची बनाएं। इसके अतिरिक्त सभी दुकानों मे टेलीविजन सेट, इंटरनेट कनेक्शन, टेंट, माइक, कुर्सी, सजावट इत्यादि का उचित प्रबंध करें। उन्होंने कहा कि अन्न उत्सव कार्यक्रम का सफल आयोजन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की प्राथमिकता में शामिल है। इसमें लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। समस्त संबंधित अधिकारी कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन पर भी ध्यान दें।

**10 दिवस में कार्यों की प्रगति न आने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई होगी सुनिश्चित**

# कलेक्टर ने सभी जनपदों के निर्माण कार्य 30 सितंबर तक पूरे करने दिए निर्देश

## उद्यानिकी विभाग और नरेगा के माध्यम से सभी जनपदों में नर्सरी तैयार करें: कलेक्टर

**अतुल्य भास्कर, सागर**

सागर सभी जनपदों के निर्माण कार्य 30 सितंबर तक पूरे करे। कार्य की प्रगति न होने पर संबंधित जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों की वेतन वृद्धि के साथ सख्त अनुशासनात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। उद्यानिकी विभाग के सहयोग से नरेगा के माध्यम से 11 जनपदो में नर्सरी तैयार करें। स्व सहायता समूह के लिये बैंक लिंकेज हेतु शिविर आयोजित करें। उक्त निर्देश कलेक्टर दीपक सिंह ने जिले के समस्त जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों, सहायक यंत्रियों की समीक्षा बैठक में दिये।

इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ इच्छित गढ़पाले आईएस के कार्यपालन यंत्री सुरेश कुमार अमरोदिया, श्री राजेंद्र गाठे सहित समस्त जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं सहायक यंत्री उपस्थित थे।



कलेक्टर सिंह ने कहा कि जनपद पंचायतो में चल रहे निर्माण कार्य 30 सितंबर तक पूर्ण न करने पर संबंधित सहायक यंत्री एवं संबंधित जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों की वेतन वृद्धि रोकी जाएंगी एवं सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

कलेक्टर सिंह ने जनपद पंचायतों में चल रही पंचायत भवनों, आंगनबाड़ी भवनों के निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि समस्त कार्य 30 सितंबर तक पूर्ण करें।

कलेक्टर सिंह ने नरेगा योजना के तहत श्रमिकों के नियोजन एवं उनकी मजदूरी भुगतान के संबंध में निर्देश दिए कि समस्त कार्य नरेगा के तहत किए जाएं और समय पर मजदूरी का भुगतान सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर सिंह ने रहली, केसली के कार्यों में प्रगति न होने पर अप्रसन्नता व्यक्त की।

सिंह ने जल संरक्षण के कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि समस्त जनपद पंचायतो के अंतर्गत आने वाली समस्त ग्राम पंचायतों में जल संरक्षण के लिए समस्त आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं।

कलेक्टर सिंह ने निर्देश दिए कि उद्यानिकी विभाग के माध्यम से नरेगा के द्वारा समस्त विकास खंडों में नर्सरी की स्थापना की जाए। उन्होंने कहा कि स्व सहायता समूह को बैंक लिंकेज के लिए समस्त विकास खंडों में शिविर का आयोजन किया जाए और अधिक से अधिक स्व सहायता समूह को लाभान्वित किया जावे। शिविर में जनप्रतिनिधियों को आवश्यक रूप से आमंत्रित किया जाए

कलेक्टर सिंह ने स्वच्छ भारत मिशन योजना की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि जिले की 23 ग्राम पंचायतों को सितंबर तक ओडीएफ प्लस के लक्ष्य को शत-प्रतिशत पूर्ण किया जाए,कलेक्टर सिंह ने निर्देश दिय कि समस्त जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी वैक्सीनेशन शत प्रतिशत कराएं, उन्होंने कहा कि प्रथम डोज लगा चुके व्यक्तियों को दूसरे डोज के लिए पर्ची वितरित करें।

# डीईओ कार्यालय के सामने गोली चली, एक घायल

**छतरपुर।** जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के सामने पुराने भूमि विकास बैंक के पास दो अज्ञात युवकों ने एक युवक पर लगातार चार फायर कर युवक को घायल कर दिया है। जिसे मोहल्लेवालों ने जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार कुछ असामाजिक तत्वों के द्वारा मोहल्ले में दहशत फैलाने एवं गुंडागर्दी करने के कारण यह गोली चलाई गई है। पूरे मोहल्ले में दहशत का माहौल बना हुआ है। दुकानदार दुकानें बंद करके भाग खड़े हुए। वहीं राहगीरों ने दोनों तरफ जाम लगा दिया था। युवकों की दबंगाई इतनी थी कि वह किसी से भी नहीं डर रहे थे। सिरफिरे युवकों ने रिवाल्वर से लगातार चार फायर किए जिसकी आवाज पूरे मोहल्ले में गूंजती रही इसकी सूचना सिटी कोतवाली में दूरभाष पर दी गई परंतु पुलिस एक घंटे के बाद भी मौके पर नहीं पहुंची।


# डीईओ कार्यालय के सामने गोली चली, युवक की मौत

**अतुल्य भास्कर, छतरपुर**

जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के सामने पुराने भूमि विकास बैंक के पास दो अज्ञात युवकों ने एक युवक पर लगातार चार फायर कर गोली से घायल किया। मोहल्लेवालों ने टैक्सी में ले जाकर जिला चिकित्सालय में भेजा परंतु वहां डाक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। मौके पर सीएसपी एवं पुलिस दल पहुंचा और जांच में जुटी है। इस संबंध में सीएसपी ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया कि युवक बेनीगंज मोहल्ले का रहने वाला था। युवक के मृत होने पर जिला चिकित्सालय में भारी भीड़ एकत्रित हो गई है। सिटी कोतवाली टीआई अरविंद दांगी ने दाबा किया है कि अपराधियों को अतिशीघ्र पकड़ लिया जाएगा। फिलहाल शहर के बीचों बीच गोली की घटना को लेकर मोहल्लेवासियों व दुकानदारों में दहशत का माहौल बना हुआ है।

# खुले आम बिक रहीं है एक्सपायरी डेट की दवायें, चिकित्सक कर रहे हैं उपयोग

## स्थानीय उत्तरदायी अधिकारियों से लेकर भोपाल दरवार तक पीड़ित ने लगाई गुहार



Dr.M.P.N. Khare

DISCHARGE TICKET

Name of Patient Mrs. Rekha Nigam

S/O W. Mr. Rajiv Nigam

Address- Vishwanath Colony ; ward No. 3, Chhatarpur (M.P.)

Diagnosis :- A lump in Abd


TREATMENT ADVISED



PAVAN MEDICAL STORE

GST INVOICE

For PAVAN MEDICAL STORE



PAVAN MEDICAL STORE

GST INVOICE

For PAVAN MEDICAL STORE

**अतुल्य भास्कर, छतरपुर**

जीवन मांगने मांगने वालों को मौत देने वाले अस्पताल और मेडिकल स्टोस के कारनामे आये दिन सामने आ रहे हैं इसी क्रम में शहर के एक मेडिकल स्टोर ने आपरेशन की टेबिल पर पडे मरीज हेतु एक्सपायरी डेट की दवायें देकर न केवल उसकी जान के साथ खिलवाड किया बल्कि नसिंग होम के स्टाफ और चिकित्सक ने दवाइयों को बिना चैक किये ही उपयोग करके जानलेवा लापरवाही बरती। मरीज के तामीरदार ने इस संबंध में न केवल विभागीय अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई है बल्कि भारतीय दण्ड संहिता की धाराओं के तहत सिविल लाइन थाने में भी प्राथमिकी दी है।

शहर के विश्वनाथ कालोनी निवासी राजीव निगम ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ अधिकारी, ड्रग इंसपेक्टर, निदेशक खाद्य एवं औषधि, प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ एवं परिवार कल्याण, मुख्यमंत्री सहित सिविल लाइन थाने में नगर के पाश इलाके लोकनाथपुरम में संचालित डा. एनपीएन खरे नसिंग होम में संचालित पवन मेडिकल स्टोर व्दारा खुलेआम एक्सपायरी डेट की दवायें बेचने तथा आपत्ति करने पर अभद्रता करने की घटना का उल्लेख करते हुए तत्काल दोषियों के विरुध्द दण्डात्मक कार्यवाही करने की मांग की है। इस हेतु श्री निगम ने मेडिकल स्टोर की रसीद क्रमांक पी 1524 के तीन पेज संलगन किये है जिसमें 33 दवाइयों में से 8 दवायें एक्सपायरी डेट की हैं। कुछ दवाइयों की एक्सपायरी डेट तो जून 2019 की भी हैं।

आपरेशन के बाद जब तक श्री निगम का मरीज नसिंग होम में भर्ती रहा तब तक वह खामोश रहे ताकि सत्य की आवाज उठाने के एवज में मरीज पर प्रतिकूल प्रभाव न पडे और जैसे ही मरीज को डिस्टार्ज किया गया तो वह अन्याय के विरुध्द आवाज उठाने के लिए खडे हो गये। पीडित ने बताया कि हम तो पढे लिखे हैं। सो हमने दवाइयों तथा रसीद को पढ लिया और देश का जागरूक नागरिक होने के कारण इस तरह की मनमानी और तानाशाही के विरुध्द मोर्चा खोल दिया है।

परन्तु गांव-देहात के हजारों मरीज अनपढ और जानकारी के अभाव में ऐसी ही स्थितियों के शिकार हो रहे होंगे। चिकित्सक को दूसरा भगवान माना जाता है परन्तु अब तो वहां खुले आम पैसों के शोषण की कहानियां लिखीं जा रहीं हैं। देश के महानगरों की तर्ज पर शहर में भी दवा माफियों को गिरोह की सक्रियता बढी जा रही है। कुछ समय पहले बम्हौरी के एक मरीज की हालत एक्सपायरी डेट की दवाओं के सेवन से बिगड गई थी जिसे आनन फानन में झांसी के लिए रेफर कर दिया गया था।

उस समय भी काफी हो हल्ला मचा था परन्तु चिकित्सा जगत और दवा जगत के माफियों ने उस आवाज को दबा दिया था और मामले की लीपापोती कर ली थी। इस बार श्री निगम व्दारा उच्चस्तर पर संपर्क करने और मनमानियों के विरुध्द मोर्चा खोलने की घोषणा करने से उत्तरदायी लोगों के विरुध्द कार्यवाही की उम्मीद जागी है।

**इन्होंने कहाः** हमें शिकायत प्राप्त हुई है। मामला बेहद संवेदनशील है। डा. शरद चौरसिया, सहायक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ अधिकारी को जांच अधिकारी नियुक्त करके तत्काल आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिये हैं।

**- डा. विजय पथौरिया, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ अधिकारी, छतरपुर**

01 सितंबर को शिकायत प्राप्त हुई है। जांच चल रही है। हमारे पास छतरपुर के अलावा पन्ना का भी प्रभार है। इस कारण व्यस्तता अधिक है समय लगता है ।जब जांच पूरी हो जाएगी तब अवगत करा दिया जाएगा।

**- राम लखन पटेल ड्रग इंसपेक्टर, छतरपुर**

# सतीश चौबे पुनः बने सीएमएचओ

**अतुल्य भास्कर, छतरपुर।** जिला स्वास्थ्य विभाग की कमान फिर से एक बार सतीश चौबे को कलेक्टर ने सौंपी है। मिली जानकारी के अनुसार विजय पथोरिया को दो माह की ट्रेनिंग के लिए भोपाल भेजा गया है। इसी बीच कलेक्टर ने एक आदेश जारी कर सतीश चौबे को पुनः सीएमएचओ का प्रभार सौंपा है। गौरतलब हो कि छतरपुर सीएमएचओ के पद को लेकर असमंजस की स्थिति बनी रहती है। राज्य शासन ने पहले सतीश चौबे को सीएमएचओ बनाया था परंतु विजय पथोरिया के द्वारा न्यायालय से स्थगन आदेश लाने पर कलेक्टर ने पुनः विजय पथोरिया को सीएमएचओ का प्रभार सौंप दिया था परंतु अभी हाल ही में एसीएस सुलेमान खान की बीसी में विजय पथोरिया को स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी न होने के कारण उनको ट्रेनिंग देने के आदेश राज्यशासन द्वारा जारी किए गए थे। परंतु पथोरिया क द्वारा अभी तक ट्रेनिंग में नहीं जाने से राज्य शासन ने कलेक्टर को पत्र लिखकर तत्काल ट्रेनिंग के लिए मुक्त करने के आदेश जारी किए तब कहीं जाकर विजय पथोरिया कार्यमुक्त हुए और उनका प्रभार सतीश चौबे को पुनः मिल गया है।

# दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के अंतर्गत संपूर्ण धार जिला क्षेत्र के लिए प्रतिबंधात्मक आदेश जारी

**अतुल्य भास्कर, धार**

जिला दण्डाधिकारी आलोक कुमार ने दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 (1) (2) के तहत जन सामान्य के स्वास्थ्य के हित एवं लोक शांतिपूर्ण को बनाए रखने हेतु संपूर्ण धार जिला क्षेत्र के लिए प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। आदेष के तहत धार जिले के समस्त नगर, गांव, कस्बों में प्लास्टर ऑफ पेरिस की मूर्तियों के निर्माण एवं उनके परिवहन विक्रय आदि को प्रतिबंधित किया है। निषेधात्मक आदेश के पश्चात प्लास्टर ऑफ पेरिस की मूर्तियां पाई जाने पर उनका विनिष्टीकरण कराया जाएगा। इस दौरान इस बात का विशेष ध्यान रखा जाये कि किसी भी प्रकार की धार्मिक भावनाएं आहत आमजन को मिट्टी से बनी हुई मूर्तियों का उपयोग करने के लिए प्रेरित करने हेतु स्थानीय निकाय के माध्यम से प्रतियोगिताएं आयोजित कराकर व्यक्तिगत एवं सामूहिक रूप से पुरुस्कृत किया जावेगा।

इसी तरह सामूहिक पांडालों में मूर्ति स्थापना की अनुमति देते समय आयोजकों से यह अंडरटेकिंग ली जावे कि वह सिर्फ मिट्टी से बनी मूर्ति का ही उपयोग एवं कोविड गाइड लाइन्स का पालन सुनिश्चित करेंगें। सभी गणमान्य नागरिको से अनुरोध है कि जल की गुणवत्ता पर विपरीत प्रभाव नहीं पड़े, इसलिए जल प्रदाय करने वाले स्त्रोतों पर मूर्तियों का विसर्जन नहीं किया जाये। प्रतिमाओं के विसर्जन हेतु आवश्यकतानुसार जल स्त्रोत (नदियों, तालाब) निश्चित किए गए स्थानों पर ही विसर्जन करे, जिससे अन्य नदियों, तालाबों को प्रदूषण से बचाया जा सके। प्रतिमाओं के साथ लाए गये वस्त्र पूजन सामग्री प्लास्टिक का सामान, पॉलीथीन बैग एवं अनावश्यक सामग्री को तालाब, नदियों में नहीं डाला जाये। यह आदेश 3 सितम्बर से 2 दिसम्बर 2021 तक धार जिले की सीमा क्षेत्र के अंतर्गत जारी किया जाता है।

# एक लाख गैस कनेक्शन का लक्ष्य लेकर कार्य करें पात्र हितग्राहियों की सूची सचिवों और नगरपालिका को दें: कलेक्टर

**अतुल्य भास्कर, सागर।** प्रधानमंत्री उज्जवला योजनान्तर्गत नवीन गैस कनेक्शन जारी किये जाने पर समस्त पात्र हितग्राहियों को डिपॉजिट फ्री कनेक्शन के साथ-साथ प्रथम रिफिल एवं स्टोव (हॉट प्लेट) निःशुल्क प्रदान किये जायेंगे। कलेक्टर दीपक सिंह ने बताया कि, जिले में एक लाख गैस कनेक्शन का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए सभी एसडीएम को निर्देश दिए गए हैं कि, जनपदवार और नगरपालिका वार नियमित मॉनिटरिंग करें और आवेदन पत्र की स्थिति, सब्सक्रिप्शन वाउचर की प्रगति पर ध्यान दें। उन्होंने कहा कि, सभी सचिवों और नगर पालिकाओं को हितग्रहियों की सूची दें जिससे पात्र हितग्रहियों को उज्जवला योजना का लाभ देते हुए गैस कनेक्शन प्रदान किए जा सकें। इस संबंध में कलेक्टर दीपक सिंह ने समस्त गैस एजेन्सी संचालकों को भी आवश्यक समन्वय बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए हैं।

**पात्र हितग्राही की जानकारी:** कलेक्टर दीपक सिंह ने बताया कि, उज्जवला 2.0 के अंतर्गत ऐसी व्यस्क महिला गैस कनेक्शन प्राप्त करने हेतु पात्र होगी जो गरीब गृहस्थी से संबंध रखती है एवं जिसकी गृहस्थी में किसी प्रकार का गैस कनेक्शन स्थापित नहीं है। योजना में निम्नानुसार पात्र श्रेणियों को शामिल किया गया है। जो एसईसीसी 2011 सूची अनुसार पात्र हैं। अनुसूचित जाति, जनजाति गृहस्थी, प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों, अंत्योदय अन्न योजना, वनवासी, अति पिछड़ा वर्ग, चाय और पूर्व चाय बागान जनजातियों, द्वीप एवं नदी द्वीप में निवासरत। इस प्रकार उक्त सात श्रेणी में संबंध रखती हो। इस हेतु पात्र श्रेणी का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक होगा।

# भू-माफियाओं पर कार्रवाई जारी: कॉलोनाईजर द्वारा बनायी गई अवैध निर्माण कर बाऊण्ड्रीबाल को तोड़ा

**अतुल्य भास्कर, सागर**

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के माफिया मुक्त मध्यप्रदेश अभियान के तहत कलेक्टर दीपक सिंह द्वारा जिले को भी माफिया मुक्त बनाने के समस्त प्रयास किए जा रहे हैं। शुक्रवार को कलेक्टर दीपक सिंह के निर्देश पर नगर निगम आयुक्त आर.पी.अहिरवार के मार्गदर्शन में संतरविदास वार्ड स्थित वामनखेड़ी में अवैध रू से विकसित कर प्लाटिंग एवं प्लाटों तक पहुॅचने हेतु 20 फुट चौड़ाई में मुरम डालकर बनाये गये पहुॅच मार्ग और उसके किनारे लगभग 350 फुट लंबी पक्की बाऊण्ड्रीबाल बनायी गई थी जिसे निगम के अतिक्रमण दस्ते द्वारा जे.सी.बी.मशीन से गिरा दिया गया।



नगर निगम उपायुक्त डॉ.प्रणय कमल खरे की उपस्थिति में नायब तहसीलदार गावर्धन माठे, प्र.कार्यपालन यंत्री रमेश चौधरी, उपयंत्री राजकुमार साहू, अतिक्रमण प्रभारी संजय सोनी, पुलिस बल सहित निगम के अतिक्रमण दस्ते द्वारा संयुक्त रूप से कार्यवाही की गई।

इस संबंध में उपायुक्त डॉ.प्रणय कमल खरे ने बताया कि संतरविदास वार्ड स्थित वामनखेड़ी में की जा अवैध कालोनी निर्माण किये जाने की शिकायत मिलने पर संबंधित भूमि कालोनाईजर को नोटिस देकर दस्तावेज मंगाये गये और चेक करने पर कालोनी निर्माण हेतु सही नहीं पाये गये परंतु कालोनी निर्माण करने वाले कोलानाईजर द्वारा अवैध रूप से बाऊण्ड्रीबाल बनायी गई जिसे निगम और जिला प्रशासन द्वारा संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुये हटाया गया।

## माफियाओं पर करें प्रभावी कार्रवाई: कलेक्टर

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा चलाये जा रहे माफिया मुक्त मध्यप्रदेश अभियान अंतर्गत सागर को माफिया मुक्त करने के लिए समस्त प्रकार के माफियाओं पर आज से ही प्रभावी कार्यवाही करें। उक्त निर्देश कलेक्टर दीपक सिंह ने समस्त अनुविभागीय अधिकारियों, तहसीलदारों को दिए। कलेक्टर सिंह ने निर्देश दिए कि मध्य प्रदेश शासन के निर्देश पर समस्त प्रकार की माफियाओं जिसमें अवैध उत्खनन, खनिज, अतिक्रमण, मिलावट एवं भू माफियाओं पर प्रभावी कार्रवाई करें। उन्होंने निर्देश दिए कि कार्रवाई ऐसी हो कि माफियाओं के मन में खौफ पैदा हो। उन्होंने कहा कि कार्रवाई के साथ तत्काल पुलिस कार्रवाई भी की जावेगी। समस्त अधिकारी अपने स्तर पर माफियाओं को चिन्हित करें और पुलिस बल के साथ प्रतिदिन कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि माफियाओं से सागर को मुक्त करने के लिए विशेष कार्ययोजना भी तैयार कर कार्रवाई करें।

# पार्कों का होगा सौंदर्यीकरण, मुक्तिधामों पर बनेंगे शोकसभा कक्ष, विधायक की मांग पर छतरपुर नगर में शुरू होंगे विकास कार्य

**अतुल्य भास्कर, छतरपुर।** छतरपुर के कांग्रेस विधायक आलोक चतुर्वेदी पज्जन भैया की मांग पर नगर में मौजूद 18 पार्कों में सौंदर्यीकरण एवं मरम्मत का कार्य शुरू किया जाएगा। इसके साथ ही नगर के दो मुक्तिधामों में लगभग 37 लाख रूपए की लागत से शोकसभा कक्ष का निर्माण होगा। वार्ड क्रमांक 12 में एक सुलभ कॉम्पलेक्स बनाए जाने के लिए भी तैयारियां शुरू की हैं। नगर पालिका ने इनके टेण्डर जारी कर कार्य को गति देना प्रारंभ कर दिया है। उल्लेखनीय है कि विधायक आलोक चतुर्वेदी ने 2 मार्च 2021 को नगरीय प्रशासन विभाग के आयुक्त से भोपाल में भेंट कर मुक्तिधामों के सौंदर्यीकरण और विस्तार हेतु राशि आवंटित करने की मांग की थी। उन्होंने शहर के 7 मुक्तिधामों में राशि आवंटन के लिए पत्र लिखा था। इस मांग पर छतरपुर नगर पालिका ने फिरंगी पछाड़ स्थित मुक्तिधाम एवं सिंघाड़ी नदी मुक्तिधाम पर एक-एक शोकसभा कक्ष निर्माण के लिए लगभग 37 लाख रूपए से अधिक का प्रस्ताव रखा है। नगर पालिका द्वारा इसके लिए टेण्डर भी जारी कर दिए गए हैं। इसी तरह श्री चतुर्वेदी ने पत्र लिखकर आयुक्त को शहर के 18 पार्कों की सूची देते हुए सौंदर्यीकरण और मरम्मत की मांग की थी। इस पत्र के बाद नगर पालिका ने शहर के सभी पार्कों के मरम्मत कार्य हेतु 16.06.2021 को टेण्डर जारी किया था। टेण्डर के मुताबिक इन पार्कों की मरम्मत और सौंदर्यीकरण पर 94 लाख 6 हजार 581 रूपए खर्च किए जाएंगे। विधायक आलोक चतुर्वेदी ने नगर पालिका को जल्द निर्माण कार्य शुरू कराने और गुणवत्ता का ध्यान रखने के निर्देश दिए हैं।

# भारत की पारी 191 रन पर सिमटी, इंग्लैंड ने भी गंवाए तीन विकेट



### भारत और इंग्लैंड के बीच 5 मैचों की टेस्ट सीरीज का चौथा मुकाबला केनिंग्टन ओवल में खेला जा रहा है

**नई दिल्ली.एजेंसी**

भारत और इंग्लैंड के बीच 5 मैचों की टेस्ट सीरीज का चौथा मुकाबला केनिंग्टन ओवल में खेला जा रहा है। टीम इंडिया पहली पारी में सिर्फ 191 रनों के स्कोर पर सिमट गई। शार्दूल ठाकुर ने 57 और कप्तान विराट कोहली 50 रन बनाए। इंग्लैंड के लिए क्रिस वोक्स ने 4 विकेट चटकाए। जवाब में इंग्लैंड की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही। पहले दिन स्टंप्स तक उसका स्कोर 3 विकेट पर 53 रन रहा। रोरी बर्न्स 5 रन बनाकर और हसीब हमीद बिना खाता खोले आउट हो गए। दोनों विकेट जसप्रीत बुमराह ने लिए। जो रूट (21) को उमेश यादव ने बोल्ड किया। डेविड मलान (26) और नाइट वाचमैन क्रेग ओवर्टन (1) क्रीज पर हैं। अंतिम सत्र में शार्दूल ठाकुर ने अपनी तूफानी बल्लेबाजी फैंस का खासा मनोरंजन किया। शार्दूल ने मात्र 31 गेंदों पर अपने टेस्ट करियर का दूसरा अर्धशतक पूरा किया। ठाकुर 36 गेंदों पर 57 रनों की शानदार पारी खेलकर आउट हुए। उमेश यादव और शार्दूल ठाकुर के बीच आठवें विकेट के लिए 48 गेंदों पर 63 रनों की साझेदारी देखने को मिली। ठाकुर के विकेट के बाद जसप्रीत बुमराह शून्य पर रन-आउट हुए। शार्दूल टेस्ट क्रिकेट में भारत की ओर से दूसरा सबसे तेज अर्धशतक जमाने वाले बल्लेबाज बन गए। सबसे तेज अर्धशतक कपिल देव (31 गेंद) के नाम है। लंच के बाद अजिंक्य रहाणे को 32 ओवर की आखिरी गेंद पर एक बड़ा जीवनदान मिला था। क्रिस वोक्स की गेंद पर रहाणे को अंपायर ने एलपी डब्लू आउट दे दिया था, लेकिन उन्होंने कोहली के कहने पर यू दरस लिया और उसमें साफ नजर आया कि गेंद स्टंप की लाइन से दूर थी। जिसके बाद अंपायर ने अपना फैसला बदला और रहाणे नॉटआउट रहे। हालांकि, वह इस जीवनदान का फायदा नहीं उठा सके और 14 के स्कोर पर आउट हुए।

### टोक्यो पैरालंपिक में 2.07 मीटर की छलांग लगाई और दूसरे स्थान पर रहे

# प्रवीण ने रचा इतिहास, ऊंची कूद में भारत को दिलाया रजत

**भारत के प्रवीण कुमार ने टोक्यो पैरालंपिक में इतिहास रच दिया। उन्होंने पुरुषों की टी-64 स्पर्धा के फाइनल में रजत पदक जीता। हालांकि इस मुकाबले में प्रवीण स्वर्ण पदक जीतने से चूक गए। एक समय वह गोल्ड मेडल की रेस में थे। भारत अब तक टोक्यो पैरालंपिक में 11 पदक जीत चुका है। जिसमें दो स्वर्ण, छह रजत और तीन कांस्य पदक शामिल हैं।**

**टोक्यो. एजेंसी**

भारत के एथलीट प्रवीण कुमार ने टोक्यो पैरालंपिक में इतिहास रच दिया है। उन्होंने पुरुषों की टी-64 स्पर्धा के फाइनल में रजत पदक जीता। इस मुकाबले में नोएडा के रहने वाले प्रवीण ने 2.07 मीटर की छलांग लगाई और दूसरे स्थान पर रहे। ब्रिटेन के ब्रूम एडवर्ड्स जोनाथन ने 2.10 मीटर की छलांग लगाकर स्वर्ण पदक पर कब्जा किया। जबकि पोलैंड के पोलैंड के लेपियाटो मासिएजो ने 2.04 मीटर की जंप के साथ कांस्य पदक जीता।

हालांकि प्रवीण इस मुकाबले में स्वर्ण पदक जीतने से चूक गए। एक समय प्रवीण गोल्ड मेडल जीतने के रेस में बनए हुए थे। लेकिन ब्रिटेन के ब्रूम एडवर्ड्स ने उन्हें पीछे कर दिया। जिसके बाद भारतीय एथलीट को सिल्वर मेडल से संतोष करना पड़ा।

प्रवीण कुमार की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें बधाई दी। अपने बधाई संदेश में पीएम मोदी ने ट्वीट कर लिखा, प्रवीण के पैरालंपिक में सिल्वर पदक जीतने पर गर्व है, यह मेडल उनके कठोर परिश्रम और लगातार मेहनत का परिणाम है, उन्हें बधाइयां। प्रवीण को भविष्य के लिए ढेरों शुभकामनाएं।

टी-64 स्पर्धा में वे खिलाड़ी भाग लेते हैं जिनका पैर किसी वजह से काटना पड़ा हो और कृतिम पैर के जरिए खड़े होकर खेलते हों। फिलहाल प्रवीण टी-44 कैटेगरी से आते हैं और वह टी-64 में भी हिस्सा ले सकते हैं। वहीं टोक्यो पैरालंपिक में ऊंची कूद स्पर्धा में अब भारत के पदकों की संख्या चार हो गई है। इस स्पर्धा में भारत की तरफ से मरियप्पन थंगवेलु, शरद कुमार और निषाद कुमार पहले ही पदक जीत चुके हैं। टोक्यो पैरालंपिक में भारत अब तक 11 मेडल जीत चुका है जिनमें दो स्वर्ण, छह रजत और तीन कांस्य पदक शामिल हैं। इन खेलों में यह भारत का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। फिलहाल पदक तालिका में भारत 36वें स्थान पर है।



### प्राची यादव चौथे स्थान पर रहकर फाइनल के लिए जगह बनाई

प्राची ने कैनो स्प्रिंट की महिला सिंगल्स के 200 मीटर वीएल-2 स्पर्धा में तीसरे स्थान पर रहकर फाइनल में जगह बनाई। उन्होंने यह दूरी 1ः07.397 के साथ पूरी की। प्राची यादव ग्वालियर में बहोड़ापुर इलाके के आनंद नगर की रहने वाली हैं। वे कैनोइंग के फाइनल में पहुंचने वाली पहली महिला खिलाड़ी हैं। प्राची यादव के दोनों पैर जन्म से खराब हैं। 7 साल ही उम्र में मां का भी देहांत हो गया। 9 साल की उम्र में प्राची बतौर एक्सरसाइज 2007 में तैराकी से जुड़ीं। इसी साल उन्हें चैंपियनशिप में खेलने का भी मौका मिला। प्राची ने जूनियर कैटेगरी में गोल्ड जीता। इस जीत ने उनका खेल के प्रति आत्मविश्वास बढ़ा दिया। दिन-रात की कड़ी मेहनत के बाद लगातार 3 साल पदकों की झड़ी लगाती रहीं। तैराकी में शानदार प्रदर्शन और प्राची के बड़े-बड़े हाथों को देखकर उनके कोच ने उन्हें कैनोइंग और कयाकिंग में भाग्य आजमाने के लिए कहा।

## अंतिम आठ में पहुंचे तीरंदाज हरविंदर



तीरंदाजी में पुरुषों की व्यक्गित रिकर्व ओपन एलिमिनेशन 1/16 में भारत के तीरंदाज हरविंदर सिंह अपना मुकाबला जीत अगले राउंड में पहुंच गए हैं। इस मैच में उन्होंने इटली के एस ट्रैविसानी को 6-5 से हराया।

## बैडमिंटन महिला डबल्स में हारीं पारुल-पलक



बैडमिंटन की महिला डबल्स एसएल-3-एसयू-5 स्पर्धा में भारत की पारुल परमार और पलक कोहली की जोड़ी को हार का सामना करना पड़ा। ग्रुप बी के दूसरे मैच में भारतीय जोड़ी को फ्रांस की फॉस्टिन नोएल और लेनिग मोरिन ने सीधे सेटों में 2-0 से हराया। फ्रांस ने यह मुकाबला 21-12 और 22-20 से जीता।

## रोनाल्डो ने बनाया विश्व कीर्तिमान, सर्वाधिक अंतरराष्ट्रीय गोल करने में बने नंबर एक

नई दिल्ली । पुर्तगाल के दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने विश्व कीर्तिमान बना दिया है। रोनाल्डो अब अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में सबसे अधिक गोल करने वाले फुटबॉलर बन गए हैं। उन्होंने यह रिकॉर्ड आयरलैंड के खिलाफ विश्व कप क्वालिफायर के एक मैच में बनाया। इस मैच में उन्होंने दो गोल किए जिसके साथ ही उनके अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में 111 गोल हो गए। रोनाल्डो ने 180वें मैच में यह उपलब्धि हासिल की। क्रिस्टियानो ने इस मामले में ईरान के खिलाड़ी अली देई को पछाड़ा और उनके रिकॉर्ड को तोड़कर इस खास मुकाम को हासिल कर लिया। अली देई ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में 109 गोल किए हैं।

### निफ्टी की नई ऊंचाई

# शेयर बाजार की बढ़तः सेंसेक्स पहली बार 58 हजार अंक के पार

**नई दिल्ली.एजेंसी**

शेयर बाजार की रिकॉर्डतोड़ बढ़त का सिलसिला जारी है। सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को सेंसेक्स ने 58 हजार अंक के स्तर को पार कर लिया। पहली बार है जब सेंसेक्स ने इस मुकाम को हासिल किया है। बीते 31 अगस्त को ही सेंसेक्स ने 57 हजार अंक के रिकॉर्ड स्तर को टच किया था। कहने का मतलब ये है कि सिर्फ तीन दिन में सेंसेक्स को 1 हजार अंक से ज्यादा की मजबूती मिली है।

इस बीच, निफ्टी में भी रॉकेट की तरह तेजी देखने को मिल रही है। निफ्टी 17,300 अंक के करीब पहुंच गया है। ये निफ्टी का ऑल टाइम हाई लेवल है। बता दें कि बीते गुरुवार को तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 514.33 अंक यानी 0.90 प्रतिशत की बढ़त के साथ 57,852.54 अंक के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी भी 157.90 अंक यानी 0.92 प्रतिशत चढ़कर 17,234.15 अंक के उच्चतम स्तर पर बंद हुआ। बीएसई इंडेक्स पर शुरुआती कारोबार में रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर में सबसे ज्यादा तेजी रही। कंपनी का शेयर भाव करीब 2 फीसदी की तेजी के साथ कारोबार कर रहा था। आपको बता दें कि रिलायंस के रिटेल वेंचर ने जस्ट डायल का पूर्ण नियंत्रण हासिल कर लिया है। रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड (आरआरवीएल) ने जुलाई में 3,497 करोड़ रुपये में जस्ट डायल में नियंत्रक हिस्सेदारी खरीदने की घोषणा की थी।



## सस्ता हो रहा कच्चा तेल पर पेट्रोल-डीजल क्यों है महंगा

अंतरराष्ट्रीय बाजार में पेट्रोलियम पदार्थों के दाम में गिरावट के बावजूद ईंधन की कीमतों के लगातार उच्च स्तर पर बने रहने के बीच पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि पिछली संप्रग सरकार द्वारा जारी किए गए 1.5 लाख करोड़ रुपये से अधिक के तेल बॉन्ड का भुगतान किया जाना है। उन्होंने कहा कि इसके चलते राजकोषीय उपाए और तेल कंपनियों की वित्तीय स्वतंत्रता को सीमित करने की गुंजाइश बहुत कम है।

### सरकार पर तेल बॉन्ड का बोझ

रसोई गैस की कीमतें बढ़ाने पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के सरकार पर तीखा हमला करने के एक दिन बाद पुरी ने ट्विटर पर कहा कि इसके लिए संप्रग सरकार की जिम्मेदारी से पीछा छुड़ाने की प्रवृत्ति और नीतिगत जड़ता जवाबदेह है। उन्होंने ट्वीट किया, %%भारत के उपलब्धि रहित दशक को बड़े पैमाने पर दायित्व से पीछा छुड़ाने और नीतिगत जड़ता के लिए जाना जाता है। संप्रग सरकार ने भविष्य की सरकारों पर तेल बॉन्ड का बोझ लाद दिया। इनमें से 1.5 लाख करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान किया जाना बाकी है। इसकी वजह से संसाधनों पर दबाव है, राजकोषीय गुंजाइश सीमित रह गई और तेल कंपनियों की वित्तीय स्वतंत्रता पर भी अंकुश लगा है।

### टैक्सेबल और नॉन टैक्सेबल योगदान के लिए पीएफ खाते में ही एक अन्य खाता खुलेगा

# पीएफ के ब्याज पर टैक्स की गणना का फार्मूला तय, मोटी कमाई वालों पर नजर

**नई दिल्ली.एजेंसी**

भविष्य निधि यानी पीएफ के ब्याज पर टैक्स की गणना का फार्मूला केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने तय कर दिया है। नए फार्मूले के अनुसार वित्त वर्ष 2021-22 के लिए व्यक्ति द्वारा टैक्सेबल और नॉन टैक्सेबल योगदान के लिए पीएफ खाते में ही एक अन्य खाता खुलेगा। इसी खाते में संबंधित आय का लेखा-जोखा होगा।

फाइनेंस एक्ट 2021 में साल में 2.5 लाख से ज्यादा योगदान करने वालों पर टैक्स का प्रावधान किया गया था। उसी के मद्देजनर अब पीएफ की कमाई पर टैक्स की गणना के फार्मूले को सीबीडीटी ने अधिसूचित कर दिया है। फाइनेंस एक्ट 2021 के अनुसार एक तय सीमा के बाद पीएफ खाते में योगदान पर मिले ब्याज पर भी टैक्स लगेगा। मौजूदा समय तक पीएफ में योगदान और उसपर मिलने वाला ब्याज कर मुक्त यानी टैक्स फ्री है, लेकिन ऊंची कमाई वालों को अब ज्यादा टैक्स चुकाना पड़ेगा। उल्लेखनीय है कि पीएफ में निवेश पर टैक्स छूट की वजह से ऊंची कमाई वालों को ज्यादा लाभ मिल रहा था। सरकार काफी समय से इसका हल निकालने की कोशिश में लगी हुई थी। सरकार की नजर ईपीएफ पर टैक्स छूट का फायदा उठा रहे उन करदाताओं पर है जिनकी मोटी कमाई होती है। सरकार के आंकड़ों के मुताबिक ईपीएफ के कुल अंशधारकों में करीब 1.23 लाख अंशाधरक ऐसे हैं जो टैक्स नियमों का लाभ उठाकर 50 लाख रुपये तक सालाना आय कर मुक्त यानी टैक्स फ्री हासिल कर रहे हैं। सरकार का मानना है कि ऐसे करदाताओं से ऊंचा टैक्स वसूला जाना चाहिए। यही वजह है कि सरकार ने नियमों में बदलाव किया है।



## मनोरंजन

# सोनाक्षी सिन्हा ने रॉनी की 'ककुड़ा' का पहला शूटिंग शेड्यूल किया पूरा

एक्ट्रेस सोनाक्षी सिन्हा को कुछ दिनों पहले रिलीज हुई अजय देवगन स्टारर %भुज- द प्राइड ऑफ इंडिया% में देखा गया था। अब जानकारी सामने आ रही है कि सोनाक्षी ने रॉनी स्क्रूवाला की हॉरर कॉमेडी फिल्म %ककुड़ा% के भुज शूटिंग शेड्यूल को पूरा कर लिया है। सोनाक्षी ने हाल ही में सोशल मीडिया स्टोरी पर कुछ फोटोज पोस्ट कर खुद फिल्म के पहले शेड्यूल के समाप्त होने की जानकारी दी है। कोरोना महामारी की अनिश्चितता के बीच %ककुड़ा% का पहला शेड्यूल पूरा हुआ है। ऋस्ड्कने 20 जुलाई को फिल्म की घोषणा की थी। 20 जुलाई को ही फिल्म की शूटिंग शुरू हुई थी। फिल्म का निर्माण रॉनी स्क्रूवाला कर रहे हैं। इस फिल्म में रितेश देशमुख और हुमा कुरैशी के भाई और एक्टर साकिब सलीम भी अहम भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म का निर्देशन आदित्य सरपोतदार कर रहे हैं। उम्मीद है कि यह फिल्म 2022 की शुरुआत में रिलीज हो जाएगी। %ककुड़ा% की कहानी गांव में एक अजीब अभिशाप के इर्दगिर्द घूमती है, जिसमें सोनाक्षी, रितेश और साकिब की तिकड़ी का सामना एक चुनौतीपूर्ण भूत से होता है। रिपोर्ट के अनुसार, 34 साल की सोनाक्षी फिल्म में भूत का शिकार करते हुए नजर आएंगी। फिल्म को अविनाश द्विवेदी और चिराग गर्ग द्वारा लिखा गया है।



# अनीस बज्मी की अपकमिंग फिल्म में नजर आएंगे कार्तिक

डायरेक्टर अनीस बज्मी इन दिनों अपनी अपकमिंग हॉरर कॉमेडी फिल्म %भूल भूलैया 2% की शूटिंग में बिजी हैं। उनकी इस फिल्म में कार्तिक आर्यन, कियारा आडवाणी, राजपाल यादव और तब्बू लीड रोल में नजर आने वाले हैं। हाल ही में एक खबर सामने आई थी कि %भूल भूलैया 2% के बाद अनीस बज्मी लव स्टोरी पर बेस्ड एक रोमांटिक फिल्म लेकर आने वाले हैं। अब इस फिल्म से जुड़ी एक अपडेट सामने आई है कि अनीस बाज्मी अपनी इस रोमांटिक फिल्म में भी कार्तिक आर्यन को ही कास्ट करने वाले हैं। उन्होंने इसे लेकर कार्तिक से बातचीत भी की है। दरअसल, %भूल भुलैया 2% में कार्तिक के काम से बज्मी काफी प्रभावित हो गए हैं और वे फिर उनके साथ काम करने के लिए तैयार हैं। हालांकि, बज्मी ने अभी इस खबर की पुष्टि नहीं की है। हो सकता है कि वे जल्द ही कार्तिक के साथ अपनी इस फिल्म की घोषणा करें। बता दें कि इस रोमांटिक फिल्म की कहानी खुद बज्मी ने ही लिखी है।



स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक अंकित मिश्रा द्वारा बालाजी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 3, लिंक रोड नं. 3, नेशनल प्रेस एरिया, पत्रकार कॉलोनी के पास भोपाल (म.प्र.) से मुद्रित एवं मिश्रा भवन पुलिस चौकी के सामने शनीचरी सागर (म.प्र.) 470-002 से प्रकाशित
संपादक- अंकित मिश्रा, मोबा. 91111-71095। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकारी सागर न्यायालय का रहेगा। आर.एन.आई. रजिस्ट्रेशन क्रमांक MPHIN/2017/75816

## न्यूजीलैंड में आतंकी हमला: आईएसआईएस के जिहादी ने चाकूबाजी करके 6 लोगों को घायल किया

# 3 की हालत गंभीर; पुलिस ने हमलावर को मार गिराया

**वेलिंगटन ■ एजेंसी**

पीएम अर्डर्न ने कहा कि आज जो हुआ, वह नफरत भरा है। यह नहीं होना चाहिए था। हमलावर को श्रीलंकाई नागरिक बताते हुए उन्होंने कहा कि वह 2011 में न्यूजीलैंड आया था। उन्होंने बताया कि यह वारदात दोपहर 2:40 बजे हुई। ऑफिसर्स ने एक मिनट के अंदर ही हमलावर को ढेर कर दिया।

**तीन घायलों की हालत गंभीर:** सेंट जॉन एंबुलेंस सर्विस ने बताया कि 6 घायलों को अस्पताल ले जाया गया। इनमें से तीन की हालत गंभीर बनी है। चश्मदीदों ने का कहना है कि हमलावर चाकू दिखाते हुए मॉल के अंदर आया और फिर उसने



लोगों पर अटैक करना शुरू कर दिया। कोरोना वायरस के खतरनाक डेल्टा वेरिएंट की वजह से ऑकलैंड में अभी लॉकडाउन लागू है। इसके चलते यहां ज्यादा लोग नहीं थे।

**मॉल के अंदर भीड़ बदहवास दौड़ रही थी:** सोशल मीडिया पर शेयर हो रहे वीडियो में दिखा जा सकता है कि हमले के दौरान मॉल के अंदर भीड़ बदहवास दौड़ रही थी। लोग खुद को बचाने की कोशिश कर रहे थे। वहीं, मॉल की ओर से हमले को लेकर फेसबुक पर बयान जारी किया गया है। इसमें कहा गया है कि हालात अब पुलिस के कंट्रोल में है।

### हमलावर पर 2016 से नजर रखी जा रही थी

प्रधानमंत्री ने बताया कि कई एजेंसियों को हमलावर के बारे में जानकारी थी। मुझे खुद भी उसके बारे में पता था। क्करूने यह भी खुलासा किया कि हमलावर पर 2016 से नजर रखी जा रही थी, लेकिन कानूनी दायित्वों के कारण अधिकारी उसे जेल में नहीं डाल सके। उसकी पिछली गतिविधियां इस स्तर तक नहीं पहुंची थीं कि उसे सलाखों के पीछे रखा जाए।

**2019 में न्यूजीलैंड की मस्जिद में अंधाधुंध फायरिंग हुई :** इससे पहले मार्च, 2019 में न्यूजीलैंड की अल-नूर और लिनवुड मस्जिद में नमाज के दौरान लोगों पर अंधाधुंध फायरिंग हुई थी। इस हमले में 51 लोगों की मौत हो गई। इनमें 8 भारतीय भी शामिल थे। पुलिस ने हमले के 21 मिनट बाद ही हमलावर को गिरफ्तार कर लिया था।

## दिल्ली विधानसभा में मिली सुरंग

# लालकिले तक जाने का रास्ता मिला

### इसके जरिए फ्रीडम फाइटर्स को ले जाती थी ब्रिटिश सेना

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

दिल्ली विधानसभा में गुरुवार को एक सुरंगनुमा ढांचा खोजा गया है। विधानसभा के स्पीकर राम निवास गोयल ने कहा कि यह सुरंग विधानसभा को लालकिले से जोड़ती है। उन्होंने बताया कि ब्रिटिशर्स स्वतंत्रता सेनानियों को एक से दूसरी जगह ले जाने में इसका इस्तेमाल करते थे।

गोयल ने यह भी कहा- जब मैं 1993 में विधायक बना, तो ऐसी बातें सुनता था कि यहां सुरंग मौजूद है जो लाल किले तक जाती है। मैंने भी इतिहास जानने के लिए इस सुरंग को खोजने की कोशिश की, लेकिन इसे लेकर कभी कुछ साफ नहीं हुआ। अब हमें इस सुरंग का प्रवेश द्वार मिल गया है, लेकिन हम इसे



आगे नहीं खोद रहे हैं। मुमकिन है कि सुरंग के आगे का रास्ता मेट्रो प्रोजेक्ट और सीवर इंस्टॉल करने में नष्ट हो गया हो।

**पहले कोर्ट हुआ करती थी दिल्ली विधानसभा:** गोयल ने कहा कि जब देश की राजधानी कोलकाता से दिल्ली लाई गई तो, दिल्ली विधानसभा केंद्रीय विधानसभा के तौर पर इस्तेमाल की जाती थी। 1926 में इसे कोर्ट में तब्दील कर दिया गया और इस सुरंग के जरिए अंग्रेज स्वतंत्रता सेनानियों को कोर्ट तक लेकर आते थे।

## इस महीने आ जाएगी कोरोना की सबसे कारगर वैक्सीन

# दूर होगी देश की सबसे बड़ी चिंता

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

देश में कोरोना संक्रमण के तीसरी लहर को लेकर चर्चा जोरों पर है। कई रिपोर्टस में दावा किया जा रहा है कि अक्तूबर में संभावित तीसरी लहर अपने पीक पर हो सकती है। पिछले कुछ दिनों से कोरोना के दैनिक मामलों में भी उतार-चढ़ाव जारी है। इन सभी नकारात्मक खबरों के बीच अच्छी खबर यह है कि देश के वैक्सीनेशन शस्त्रागार में इसी महीने एक और अस्त्र शामिल होने जा रहा है। खबरों के मुताबिक अहमदाबाद स्थित फार्मास्युटिकल प्रमुख कंपनी जायडस कैडिला द्वारा विकसित वैक्सीन जायकोब-डी के इसी महीने के अंत तक लोगों के इस्तेमाल के लिए उपलब्ध हो जाने की संभावना है। गौरतलब है कि अगस्त में इस वैक्सीन को भारत के ड्रग्स कंट्रोलर जनरल ऑफ़ इंडिया (डीसीजीआई) से आपातकालीन उपयोग की मंजूरी मिल चुकी है।

भारत में अब तक दो स्वदेशी वैक्सीन कोविशील्ड और कोवैक्सीन को प्रयोग में लाया जा रहा है। यह देश की तीसरी स्वदेशी वैक्सीन होगी। कई मामलों में इस वैक्सीन को खास बताया जा रहा है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि जिस तरह से कोरोना की तीसरी लहर में बच्चों के लिए



खतरा अधिक बताया जा रहा है, ऐसे में यह वैक्सीन भारत की सबसे बड़ी चिंता को दूर कर सकती है। जायकोब-डी वैक्सीन को 12-18 साल तक के बच्चों में भी कारगर माना जा रहा है। आइए आगे की स्लाइडों में जानते हैं कि यह वैक्सीन और किस लिहाजे से भारत के लिए उपयोगी साबित हो सकती है?

**वैक्सीनेशन को मिलेगी रफ्तार:** कोरोना से मुकाबले के लिए भारत ने अपना वैक्सीनेशन अभियान तेज कर दिया है। स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से जारी हालिया आंकड़ों के मुताबिक देश में अबतक 66.30 करोड़ से अधिक लोगों का टीकाकरण हो चुका है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि जायकोब-डी के उपलब्ध होती है देश की वैक्सीनेशन रफ्तार में तेजी आने की उम्मीद है।

जायडस कैंडिला के प्रबंध निदेशक डॉ शरविल पटेल कहते हैं, हमारी योजना सितंबर तक वैक्सीन की 30-40 लाख खुराक की आपूर्ति करने की है। दिसंबर तक आपूर्ति को 3 करोड़ से 4 करोड़ तक बढ़ाने का लक्ष्य है। देश के टीकाकरण अभियान को तेज करने में यह वैक्सीन महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

**कई मामलों में खास है यह वैक्सीन:** जायकोब-डी को दो कारणों से सबसे अलग और सबसे खास वैक्सीन मानी जा रहा है। यह डीएनए आधारित तकनीक सबसे खास बनाती है। जायकोब-डी एक प्लास्मिड डीएनए वैक्सीन है जो प्लास्मिड नामक डीएनए अणु के गैर-प्रतिकृति वर्जन का उपयोग करके तैयार की गई है। यह शरीर में सार्स-सीओवी-2 वायरस के मेंब्रेन पर मौजूद स्पाइक प्रोटीन का एक हानिरहित वर्जन तैयार करने में मदद करेगी, जिससे भविष्य में संक्रमण के खिलाफ आसानी से सुरक्षा प्राप्त की जा सकेगी। इसके अलावा यह निडिल फ्री वैक्सीन है, यानी कि शरीर में इसे इंजेक्ट करने के लिए अन्य वैक्सीनों की तरह निडिल की जरूरत नहीं होगी। निडिल की बजाय जेट इंजेक्टर के माध्यम से इसके टीके दिए जाएंगे।

**अस्वीकरण:** अमर उजाला की हेल्थ एवं फिटनेस कैटेगरी में प्रकाशित सभी लेख डॉक्टर, विशेषज्ञों व अकादमिक संस्थानों से बातचीत के आधार पर तैयार किए जाते हैं।

### बच्चों के टीकाकरण की चिंता हो सकती है दूर

तमाम रिपोर्टस में कोरोना की तीसरी लहर को बच्चों के लिए काफी खतरनाक बताया जा रहा है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना कि चूंकि 18 साल से कम उम्र के बच्चों को अब तक वैक्सीन नहीं लग सकी है, ऐसे में इस आयुवर्ग के लोगों के लिए संक्रमण का खतरा अधिक हो सकता है। जायकोब-डी वैक्सीन, इस समस्या को दूर करने में काफी कारगर मानी जा रही है। कंपनी की ओर से दावा किया जा रहा है कि ट्रायल के दौरान इस वैक्सीन की प्रभाविकता 66.6 फीसदी से अधिक पाई गईहै, बच्चों में भी इसके अच्छे परिणाम देखने को मिले हैं।

### सबसे घातक वैरिएंट्स के खिलाफ असरदार

दुनियाभर में जिस तरह से कोरोना के डेल्टा वैरिएंट का कहर बरकरार है, इस दिशा में भी जायकोब-डी वैक्सीन को असरदार माना जा रहा है। वैक्सीन की निर्माता कंपनी जायडस कैडिला का दावा है कि यह वैक्सीन कोरोना के कई नए वैरिएंट्स से सुरक्षा दे सकती है। कंपनी ने वैक्सीन के तीसरे चरण के ट्रायल में 28,000 से अधिक लोगों पर अध्ययन किया, इस आधार पर वैज्ञानिकों ने इसे डेल्टा जैसे कोरोना के घातक वैरिएंट्स के खिलाफ काफी असरदार बताया है।

## तानाशाह के देश उत्तर कोरिया की आर्थिक हालात बिगड़ी

# भूखे कर रहे अमीरों के बच्चों का अपहरण

**प्योंगयांग ■ एजेंसी**

सनकी और तानाशाह शासक के रूप में कुख्यात उत्तर कोरिया के राष्ट्रपति किम जोंग के देश में आर्थिक हालात बेहद खराब हो गए हैं। यहां भूखे लोग अमीर परिवारों के बच्चों का अपहरण कर रहे हैं। बच्चों को छोड़ने के एवज में अपहरणकर्ता अपना खर्च चलाने के लिए भारी मात्रा में पैसों की मांग कर रहे हैं। हाल के हफ्तों में इस गुप्त देश में कम से कम चार बच्चों के अपहरण की सूचना मिली है। पुलिस को जांच के दौरान इन सभी अपहरणओं में एक ही पैटर्न मिला है। दरअसल, उत्तर कोरिया इस समय कई बड़े अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों का सामना कर रहा है। इसके अलावा कोरोना वायरस महामारी के कारण सीमाएं सील होने से लोगों की आर्थिक हालात और खराब हो गए हैं। किम जोंग ने देश में कोरोना महामारी के प्रसार को रोकने के लिए कई बड़ी फैक्ट्रियों को बंद करवाया हुआ है। इस कारण उत्तर कोरिया की बहुसंख्यक मजदूर आबादी के सामने भुखमरी का संकट पैदा हो गया है।

बॉर्डर बंद होने के बावजूद अक्सर तस्कर सुरक्षा व्यवस्था को चकमा देकर सामानों की हेराफेरी करते हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि कोरोना को रोकने की प्रतिक्रिया के चलते भले ही उत्तर कोरिया की सीमा को बहुत पहले ही बंद कर दिया गया हो, लेकिन इससे संक्रमण को रोका नहीं जा सकता है।

उत्तर कोरिया के दूर दराज के क्षेत्रों से हाल में ही भुखमरी की खबरें आई हैं। इन इलाकों में उद्योग और कृषि बड़े पैमाने पर ईंधन और स्पेयर पार्ट्स की कमी से ठप हो गए हैं। इतना ही नहीं, उत्तर कोरिया में चोरी की व्यापक रिपोर्टें भी हैं। बड़ी बात यह है कि इसमें पुलिसकर्मियों की मिलीभगत की भी जानकारी मिली है।



### देश में रोजमर्रा की जरूरतों की कमी

कोरोना को उत्तर कोरिया में प्रवेश करने से रोकने के लिए किम जोंग उन के आदेश पर जनवरी 2020 में ही देश की सीमा को सील कर दिया गया था। इस कारण किम जोंग उन के देश में भोजन, दवाओं, ईंधन और अन्य रोजमर्रा की जरूरतों की कमी हो गई है। इस तानाशाह को डर था कि अगर कोरोना वायरस उसके देश में प्रवेश कर गया तो देश की पुरानी और खराब रूप से सुसज्जित स्वास्थ्य प्रणाली ध्वस्त हो जाएगी। आधिकारिक तौर पर उत्तर कोरिया में कोरोना वायरस के एक भी मामला दर्ज नहीं किया गया है। उत्तर कोरिया की 1352 किलोमीटर की सीमा चीन के साथ मिलती है।

इस कारण स्थानीय नागरिक और अधिक हताश होते जा रहे हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, पिछले महीने, प्योंगयांग के उत्तर में सोंगचोन काउंटी में अपने घर के बाहर एक नदी के किनारे खेलते समय छह साल की एक बच्ची गायब हो गई थी। उसे एक दूर के गांव में रहने वाले एक व्यक्ति ने अपहरण कर लिया और उसे बंधक बना लिया।

## हिंदुत्व के बाद अब गौरक्षा पर नितिन का विवादित बयान

**अहमदाबाद ■ एजेंसी**

गुजरात के उप मुख्यमंत्री नितिन पटेल बहुसंख्यक हिन्दू मुद्दे के बाद अब गौरक्षा को लेकर बडा बयान दिया है। केवडिया में गुजरात प्रदेश भाजपा कारोबारी की बैठक के तीसरे व अंतिम दिन नितिन पटेल ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने के फैसले पर प्रतिक्रिया दी। नितिन पटेल ने कहा कि गौ माता हिन्दू धर्म एवं संस्कृति में हजारों वर्षों से पूजनीय है।



भारत सरकार और राज्य सरकार भी गौ माता की सुरक्षा के लिए कटिबद्ध है। किसी भी प्राणी, पशु या पक्षी को राष्ट्रीय स्तर का दर्जा देने की सत्ता भारत सरकार के पास है। गुजरात में गौहत्या पर प्रतिबंध है और उसके खिलाफ कड़ा कानून है। गुजरात सरकार ने तो गौहत्या करनेवालों को जेलों में ठूंस दिया है और आगे भी यह जारी रहेगा। गौरतलब है दो दिन पहले इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि गाय का भारतीय संस्कृति में महत्वपूर्ण स्थान है। गाय को भारत देश में मां के रूप में जाना जाता है और देवताओं की तरह उसकी पूजा होती है। इसलिए गाय को राष्ट्रीय पशु का दर्जा दिया जाना चाहिए। कोर्ट ने कहा कि गाय के संरक्षण को हिंदुओं का मौलिक अधिकार में शामिल किया जाए।

## भारत-अमेरिका के बीच बड़ा करार

# अमेरिका ने रक्षा और सैन्य सहयोग को बढ़ाने महत्वपूर्ण कदम बताया

### रक्षा मंत्रालय और अमेरिकी रक्षा विभाग के बीच हस्ताक्षर संधी

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**


भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका ने द्विपक्षीय रक्षा और सैन्य सहयोग को और बढ़ाने के लिए एक और कदम आगे बढ़ाया है। दोनों देशओं ने एयर-लॉन्च्ड अनमैन्ड एरियल व्हीकल के विकास में सहयोग के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि के लिए प्रोजेक्ट एग्रीमेंट पर 30 जुलाई को डिफेंस टेक्नोलॉजी एंड ट्रेड इनिशिएटिव के समग्र ढांचे के तहत हस्ताक्षर किए गए। संधि पर रक्षा मंत्रालय और अमेरिकी रक्षा विभाग के बीच हस्ताक्षर किए गए। रक्षा मंत्रालय ने इसे भारत और अमेरिका के बीच रक्षा प्रौद्योगिकी सहयोग को गहरा करने की दिशा में एक



महत्वपूर्ण कदम बताया है। इसने एक बयान में कहा, रक्षा मंत्रालय और अमेरिकी रक्षा विभाग ने 30 जुलाई को रक्षा प्रौद्योगिकी और व्यापार पहल (डीटीटीआई) में संयुक्त कार्य समूह वायु प्रणाली के तहत एएलयूएवी के लिए एक परियोजना समझौते (पीए) पर हस्ताक्षर किए। पीए समझौता दोनों पक्षों के बीच अनुसंधान, विकास, परीक्षण और मूल्यांकन (आरडीटी एंड ई) समझौते के दायरे में आता है जिसपर पहली बार 2006 में हस्ताक्षर किया गया था और जनवरी 2015 में इसका रिनुअल हुआ था। मंत्रालय ने कहा, %%डीटीटीआई का मुख्य उद्देश्य सहयोगी प्रौद्योगिकी विनिमय को बढ़ावा देने के लिए निरंतर नेतृत्व पर ध्यान केंद्रित करना और भारतीय और अमेरिकी सैन्य बलों के लिए भविष्य की प्रौद्योगिकियों के उत्पादन और विकास के अवसर पैदा करना है। डीटीटीआई के तहत, संबंधित डोमेन में परस्पर सहमत परियोजनाओं पर ध्यान केंद्रित करने के लिए थलसेना, नौसेना, वायु सेना और विमान वाहक प्रौद्योगिकियों पर संयुक्त कार्य समूहों की स्थापना की गई है। दोनों पक्षों ने 2018 में (संचार संगतता और सुरक्षा समझौता) पर भी हस्ताक्षर किए हैं जो दोनों सेनाओं के बीच अंतर-संचालन और अमेरिका से भारत को उच्च तकनीक की बिक्री की सुविधा प्रदान करता है।

## जनरल ए.के. सूरी ने स्वदेशी हेलिकॉप्टर रुद्र में भरी उड़ान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारतीय सेना के एविएशन कॉर्प्स के डायरेक्टर जनरल ए.के. सूरी ने स्वदेशी हेलिकॉप्टर रुद्र से उड़ान भरी। लेफ्टिनेंट जनरल सूरी ने उड़ान भरने के दौरान लाइव फायरिंग कर रुद्र की ताकत दुनिया को बता दी। रुद्र को देश में ही हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने बनाया है।सर्जिकल स्ट्राइक के लिए रुद्र को एक सटीक हेलीकॉप्टर के रूप में देखा जाता है। दुश्मन को टारगेट करने के लिए रूद्र में खास किस्म के कैमरे लगे हैं, ये कैमरे हेलीकॉप्टर के आगे और पीछे लगे हैं। ये कैमरा



रात हो या दिन बारिश हो या धूप हमेशा दुश्मन पर निगाह रखने में सक्षम हैं। रुद्र में थर्मल इमेजिंग साइट्स इंटरफेस भी लगा है। रूद्र की सबसे खास बात ये है कि पायलट के हेलमेट के साथ गन मूवमेंट जुड़ा हुआ है, यानी अगर पायलट को दुश्मन या फिर दुश्मन का जहाज दिखता है,तब वहां अपने सिर को उसकी तरफ घुमाएगा और हेलीकॉप्टर में लगी गन का मुंह भी उसी ओर घूम जाएगा। रूद्र में 20 एमएम टरेट गन के अलावा हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलें भी तैनात हैं, इस के अलावा 70 एमएम रोकेट पॉड्स, एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल भी लगी हुई है।

## मालदीव वेकेशन की खूबसूरत तस्वीर शेयर कर रही सनी लियोन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सनी लियोन ने अपने अभिनय के साथ ही अपनी खूबसूरती से भी दर्शकों का दिल जीता है।सनी इंडस्ट्री की एक ऐसी अभिनेत्री हैं, जो सोशल मीडिया पर खास सक्रिय रहकर ग्लैमरस फोटो और वीडियो शेयर कर फैंस के दिलों पर राज करती हैं। फिलहाल सनी इन दिनों मालदीव वेकेशन पर हैं।जहां की शानदार तस्वीरें सोशल मीडिया पर आए दिनों वायरल हो रही हैं। हाल ही में सनी लियोन ने एक बेहद ही खूबसूरत तस्वीर अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर की है। तस्वीर में देखा जा सकता है कि सनी ने वाइन रेट कलर का स्विमवियर कैरी किया है साथ ही ब्लैक सनग्लॉसेस और ये स्टाइलिश पोज़ फैंस को दीवाना बना रहा है।इस स्टनिंग फोटो को शेयर करने के साथ ही सनी ने कैप्शन लिखा, यहां फिल्टर लगाने की जरूरत नहीं।

## भव्य राम मंदिर निर्माण के लिए राजस्थान से आए 15 कुशल कारीगर

**अयोध्या (एजेंसी)।** भगवान राम की नगरी अयोध्या में रामलला के मंदिर का निर्माण तेजी से हो रहा है। एक तरफ जहां नींव भरने का कार्य पूरा हो चुका है वहीं नींव के ऊपर मंदिर में लगने वाले लगभग 20 फीसदी पत्थरों को तराशने का काम भी पूरा हो चुका है। बाकी लगभग 80 फीसदी पत्थरों को तराशने का काम तेज हो चुका है।

दरअसल राम मंदिर निर्माण कार्य तय समय सीमा दिसंबर 2023 तक हर हाल में पूरा करना है।इसके लिए 15 सदस्यीय कारीगरों की टीम राजस्थान से अयोध्या पहुंच चुकी है। वहीं राम जन्मभूमि परिसर में भव्य राम मंदिर निर्माण के लिए लगभग 4 लाख घन फुट पत्थरों की आवश्यकता है। इसमें प्रथम तल के लिए लगभग 50 हजार घन फुट पत्थरों को तराश कर सुरक्षित किया जा चुका है। अब इन पत्थरों पर साफ-सफाई का कार्य कार्यदाई संस्था कर रही है और साफ-सफाई के बाद इन पत्थरों को रामलला के परिसर में शिफ्ट किया जा रहा है।

## बेंगलुरु के नर्सिंग कॉलेज में 5 दिनों में मिले 34 कोरोना मरीज, किया सील

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में कोरोना संत्रमण की रफ्तार फिर तेज हो गई है। यहां के होरामावू में सील किए गए क्रिश्चियन कॉलेज ऑफ नर्सिंग में महज 5 दिनों में कोरोना वायरस संक्रमण के 34 मामले सामने आए हैं। इस बात की जानकारी राज्य के स्वास्थ्य मंत्री के सुधाकर ने शुक्रवार को दी। उन्होंने बताया कि इनमें से ज्यादातर मरीज एसिम्प्टोमैटिक हैं। फिलहाल, कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग और टेस्टिंग की प्रक्रिया को तेज कर दिया गया है। एक हफ्तों के भीतर राज्य में दो बार कोरोना विस्फोट हो चुका है। मंगलवार को कोलार जिले के नर्सिंग कॉलेज में 65 नए मरीज मिले थे। समाचार के अनुसार, स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि संक्रमित छात्रों में से ज्यादातर केरल और पश्चिम बंगाल से हैं।

# देवी बनीं ममता: दुर्गा पूजा के पंडालों में प्रतिमा लगाने की तैयारी

## भाजपा ने बताया हिंदुओं का अपमान

**पश्चिम बंगाल ■ एजेंसी**

पश्चिम बंगाल समेत देशभर में अगले कुछ दिनों में मनाए जाने वाले दुर्गा पूजा या नवरात्र महोत्सव की तैयारियां शुरू हो गई है। कोलकाता के दुर्गा पूजा पांडालों में देवी की प्रतिमा के साथ मुख्यमंत्री व टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी की प्रतिमा स्थापित करने की योजना को लेकर बवाल मच गया है। गुस्साई भाजपा ने इसे हिंदुओं की भावनाओं का अपमान बताया है।

ख्यात मूर्तिकार मिंटू पाल ने कुमारटूली स्थित अपने स्टूडियो में फाइबरग्लास की प्रतिमा बनाई है। इसमें टीएमसी सुप्रीमो ममता बनर्जी की पसंदीदा सफेद रंग की साड़ी और उनके ट्रेडमार्क स्लिपर चप्पल में उनकी देवी रूपी



प्रतिमा बनाई गई है। शुक्रवार को पीटीआई से चर्चा में मूर्तिकार पाल ने कहा, मैंने माननीय मुख्यमंत्री के फोटो व वीडियो का अध्ययन की दृष्टि से अवलोकन किया। वे जिस तरह चलती हैं, बात करती हैं, जनता से मिलती हैं, उनको ध्यान में रखकर प्रतिमा का मुखड़ा तैयार किया गया है।

उन्होंने बताया कि देवी के हाथों में शस्त्र दर्शाने की बजाए उनके 10 हाथ बनाए गए हैं। ये हाथ उनकी योजनाओं जैसे- कन्याश्री, स्वस्थ सती, रूपाश्री, सबुजसाथी, लक्ष्मीर भंडार व अन्य को दर्शाते हैं। दुर्गा पूजा के आयोजक इनके जरिए ममता बनर्जी सरकार की विभिन्न योजनाओं का प्रचार करना चाहते हैं। कोलकाता के शहर के उत्तरी हिस्से केष्टोपुर में उन्नयन समिति के दुर्गा पूजा आयोजक ने बताया कि पूरा पंडाल लक्ष्मीर भंडार पर आधारित होगा। लक्ष्मीर भंडार राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई एक आय सहायता योजना है। इसके तहत एक घर की महिला मुखिया को प्रति माह 500-1,000 रुपये की सहायता मिलेगी। समिति के एक अधिकारी सुब्रत दास ने कहा कि भवानीपुर 75 पल्ली पूजा समिति ने बनर्जी की लगातार तीसरी बार सत्ता में वापसी का जश्न मनाने के लिए इस साल घोर मेये (घर की बेटी) की थीम को अपनाया है। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी भवानीपुर की घोर मेये हैं। पिछले दो महीनों में उन्हें भवानीपुर की बेटी बताते हुए कई होर्डिंग यहां लगे हैं। भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी ने भी ममता की देवी रूपी प्रतिमा बनाने का ट्वीट कर विरोध किया है। उन्होंने कहा कि जब कोई ऐसा करता है तो वह सिर्फ आपको खुश करना चाहता है। आपकी चुप्पी आपकी सहमति बताती है। इसका मतलब है कि आपका अहंकार उस स्तर पर पहुंच गया है, जहां आपका विवेक इसके लिए खुद को जिम्मेदार नहीं मानता।

### भाजपा ने जताई नाराजगी , बताया हिंदुओं का अपमान

बहरहाल, बंगाल से लेकर देशभर में दीदी के रूप में लोकप्रिय ममता बनर्जी की देवी रूपी प्रतिमाओं के निर्माण पर भाजपा ने कड़ी नाराजगी जताई है। भाजपा के आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने इसका विरोध करते हुए ट्वीट किया, बंगाल में चुनाव बाद की भीषण हिंसा के बाद ममता बनर्जी के हाथों में निर्दोष बंगालियों का खून है। देवी प्रतिमा की यह विरूपता वमनकारी है। यह देवी दुर्गा का अपमान है। ममता बनर्जी को इसे रोकना चाहिए। वह हिंदुओं की भावनाओं को आहत कर रही हैं।

## फर्जी वेबसाईट बनाकर ठगी करने वाले दो जालसाज महाराष्ट्र से गिरफ्तार

भोपाल। राजधानी की साइबर थाना पुलिस ने वन विभाग की फर्जी वेबसाइट बनाकर ठगी करने वाले दो जालसाजो को महाराष्ट्र से गिरफ्तार करने मे सफलता हासिल की है। बताया गया है कि आरोपियों ने असली वेबसाइट की तरह ही वन विभाग जैसी वेबसाइट बना दी। इसके बाद उस पर रेंजर, वन रक्षक जैसे करीब 500 पदों की भर्ती के लिए विज्ञापन भी अपलोड कर दिया। पकडे गये दोनों आरोपी महाराष्ट्र के रहने वाले हैं ओर दसंवी पास है, जबकि सरगना फरार हैं। गोरतलब हे कि इसकी शिकायत वन विभाग ने 31 मार्च 2021 में की थी। इसके बाद पुलिस ने वेबसाइट को डाउन भी करा दिया था। निरीक्षक अभिषेक सोनेकर ने जानकारी देते हुए बताया, चंद्रपुर, महाराष्ट्र निवासी आरोपी राजू लक्ष्मण केकात (30) और अमरदीप रामदास डोंगरे को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों ने वन विभाग मप्र की आधिकारिक वेबसाइट के यूजर इंटरफेस पर उपलब्ध कंटेंट को कॉपी कर फर्जी वेबसाइट बनाई थी। इसके बाद वेबसाइट से फॉरेस्ट रेंजर व वन रक्षक के लगभग 500 पदों की भर्ती विज्ञापन प्रकाशित किया। वेबसाइट में निकले विज्ञापन को देख करीब 100 छात्रों ने ऑनलाइन फॉर्म भरे थे। फॉर्म में भरे गए मोबाइल नंबर के आधार पर गिरोह उन छात्रों से संपर्क करता था। ये फर्जी वेबसाइट चंद्रपुर, महाराष्ट्र से संचालित की जा रही थी। गिरफ्तार आरोपी राजू लक्ष्मण के खिलाफ रामनगर चंद्रपुर में 15 मामले दर्ज हैं।

## टक्कर के बाद बाईक में लगी आग, युवक ने लगाया बाइक को आग लगाने का आरोप

भोपाल। राजधानी भोपाल के लालघाटी स्थित विजयनगर ब्रिज के नीचे एक बाइक में आग लगने से हंगामा गच गया। बाइक मालिक युवक का आरोप है कि कार में सवार युवकों ने पहले उसे टक्कर मारी ओर जब उसने इसका विरोध किया तो युवक उसके साथ मारपीट करने लगे और पेट्रोल डालकर उसकी बाइक में आग लगा दी। हालांकि, पुलिस का कहना है कि युवक ने खुद ही बाइक जलाई है। जानकारी के अनुसार अजय कोटले नामक युवक का कहना है कि गुरुवार रात में वह बाइक से अपने घर जा रहा था। तभी रास्ते में एक कार ने उसे टक्कर मार दी। इसके बाद कार सवार युवको ने उसके साथ मारपीट की ओर पेट्रोल डालकर उसकी बाइक मे आग लगा दी। झगडे और बाइक में आग लगाए जाने की सूचना मिलने पर कोहेफिजा पुलिस मौके पर पहुंची। इस दौरान दोनों पक्ष में जमकर हंगामा हुआ। युवक ने जहां कार सवार पिता-पुत्र और उनके साथियों द्वारा बाइक में आग लगाने का आरोप लगाया वही शुरुअती जांच के बाद पुलिस का कहना है, कि युवक ने खुद ही अपनी बाइक में आग लगाई थी। फिलहाल आगे की जांच की जा रही है।

## मंदिर की सुरक्षा में तैनात गार्ड सोता रहा, चोरों ने उड़ा दिया कीमती माल

भोपाल। राजधानी के अशोका गार्डन इलाके में स्थित मां दुर्गा धाम मंदिर को बदमाशों ने अपना निशाना बनकार ताला चटकाते हुए मूर्ति में चढ़े जेवर, नकदी समेटकर चंपत हो गये। हैरानी की बात यह है कि बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया उस समय मंदिर में तैनात गार्ड सो रहा था। ओर उसे वारदात की भनक तक नहीं लगी। वहीं मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे में तीन संदिग्धो के फुटेज कैद हुए हैं, जिनके आधार पर पुलिस उनकी सुरागशी के प्रयास कर रही है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, अशोक बिहार कालोनी अशोका गार्डन में मां दुर्गाधाम मंदिर है, जिसकी समित के सचिव पीसी गुप्ता ने बताया कि बीती सुबह करीब साढ़े पांच बजे मंदिर के पुजारी वेदांत तिवारी, बालगोविंद पूजा करने पहुंचे थे। उन्होंने देखा कि मंदिर का ताला टूटा पडा है, ओर मूर्ति में चढ़ाए गये सोने के जेवर सहित करीब 4 हजार की नकदी गायब हैं। सूचना पाकर पहुची पहुंची पुलिस ने मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाले जिसमें तीन संदिग्ध रात ढाई बजे मंदिर परिसर में घुसते नजर आये है। मदिरं सचिव गुप्ता ने पुलिस को बताया कि मंदिर परिसर के बगले में नगर निगम का वार्ड कार्यालय है। बदमाश वार्ड कार्यालय की बाउंड्री कूदकर मंदिर में घुसे हैं। वहीं इस दौरान मंदिर में तैनात गार्ड जीवन की नींद नही खूली, उसे सुबह घटना की जानकारी मिली। पुलिस बदमाशो की तलाश कर रही है।

## पत्नी को मोबाइल पर दिया तीन तलाक, दहेज प्रताड़ना का प्रकरण दर्ज

भोपाल। राजधानी के ईंटखेड़ी इलाके में विवाहिता को उसके पति द्वारा मोबाइल पर तीन तालाक दिये जाने का मामला सामने आया है। इतना ही नही इसके बाद आरोपी पति ने फतवा के जरिए काजी से दूसरी शादी के संबंध जानकारी मांगी। महिला का आरोप है, कि वह लंबे समय से मायके में है, उसने पति से जल्द आकर साथ ले जाने की बात कही थी। जिसके बाद में पति ने फोन पर उसे तीन तलाक दिया, इतना ही नहीं उसने वाइस मैसेज के जरिये से तीन तलाक रिकार्ड कर उसे सेंड भी किया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पति पर तीन तलाक सहित दहेज प्रताडना का प्रकरण दर्ज किया है। मामले में फरियादिया की सास और देवर को भी आरोपी बनाया गया है। थाना पुलिस के अनुसार इस्लाम नगर मे रहने वाली 27 साल की युवती ने शिकायत करते हुए बताया कि उसकी शादी साल 2014 में टीकमगढ़ में रहने वाले शफीक काजी से हुई थी। शफीक काजी एक होटल में कुक है। पीड़िता ने पुलिस को आगे बताया कि शादी के बाद सब कुछ ठीक चल रहा था। करीब तीन साल पहले ससुराल पक्ष के सास और देवर दहेज में पांच लाख रुपए और बाइक की मांग करते हुए प्रताड़ित करने लगे।

### मप्र में निजी स्कूलों की हड़ताल का दूसरा दिन

# नाराज संचालक बोले- बच्चों का सवाल, अधिकारी एसी से निकलने को तैयार नहीं




**भोपाल (निसं)।** एमपी बोर्ड के प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन की अनिश्चित कालीन हड़ताल दूसरे दिन भी जारी है। गुरुवार को शुरू हुई हड़ताल के दूसरे दिन शुक्रवार को भी एसोसिएशन से जुड़े स्कूल संचालकों ने लोक शिक्षण संचालनालय धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शन को देखते हुए मौके पर पुलिस फोर्स लगाया गया है।

पहले दिन भोपाल के स्कूल संचालक थे, तो शुक्रवार को विदिशा और रायसेन से प्रदर्शन करने भोपाल पहुंचे। नाराज संचालकों का कहना है कि हम बच्चों के भविष्य की बात कर रहे और अधिकारी एसी से निकलने तक तैयार नहीं हैं।

एसोसिएशन के अध्यक्ष अजीत सिंह कहना है कि अभी हम इसी तरह लोक शिक्षण के सामने धरना प्रदर्शन करेंगे। अगर इसके बाद भी शासन नहीं मानता है, तो प्रदर्शन को योजना के तहत आगे ले जाया जाएगा। पहले दिन से रणनीति के तहत एक-एक शहर के स्कूल संचालक यहां पर प्रदर्शन करने आएंगे। स्कूलों में बच्चों की पढ़ाई जारी है।

**साजिश के तहत तुड़वाई थी हड़ताल:** अध्यक्ष सिंह ने बताया कि मांगों को लेकर 12 और 13 अगस्त को प्रदेशव्यापी आंदोलन किया गया गया था। हड़ताल को देखते हुए स्कूल शिक्षा विभाग ने साजिश के तहत इसे रुकवा दिया था। पूर्व आयुक्त जयश्री कियावत ने सभी मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया था। हमें लगा कि सरकार इस पर गंभीरता से सोच रही है, लेकिन कियावत के रिटायर होते ही सबकुछ तस का तस रह गया। अब कोई बात भी नहीं कर रहा है।

### प्रदेश में करीब 45 हजार स्कूल

सिंह ने बताया कि प्रदेश में एमपी बोर्ड के करीब 45 हजार प्राइवेट स्कूल हैं। इनमें से कई स्कूल बंद हो चुके हैं, लेकिन कई स्कूल बंद होने की कगार पर हैं। ऐसे में अगर सरकार आगे नहीं आती है, तो फिर इसमें पढ़ने वाले बच्चों के साथ गलत होगा। उनके भविष्य का सवाल है।

### यह पांच मांगें

- पहली से 12वीं तक की सभी क्लास नियमित खोली जाएं।
- स्कूल का नवीनीकरण 2025 तक किया जाए।
- आरटीई का रुका पैसा दिया जाए।
- स्कूलों के ऋण, टैक्स और बिजली बिल आदि माफ किए जाएं।
- सरकारी स्कूलों में बिना टीसी के एडमिशन न दिया जाए।

### एम्स में सीने से आर-पार हुआ चाकू निकाला, मरीज खतरे से बाहर

## बदमाश ने युवक को चाकू मारा, 10 इंच तक सीने में धंसा



**भोपाल (निसं)।** भोपाल स्थित एम्स हॉस्पिटल के डॉक्टरों ने जटिल ऑपरेशन कर युवक की जान बचा ली। विवाद में युवक के सीने में करीब 10 इंच का चाकू आर-पार हो गया था। उसे गंभीर अवस्था में एम्स ले जाया गया। यहां 30 मिनट के ऑपरेशन के बाद चाकू बाहर निकाल दिया।

अब युवक की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। युवक योगेश पेंटर पिता रमेश सुखदेव है। वह पिपलिया पेंदे खां में रहता है। मंगलवार देर रात वह घर के बाहर खड़ा था, तभी एक लड़के को किसी बात पर डांट दिया। लड़के ने उसे चाकू मार दिया, जो सीने के बाएं की तरफ आर-पार हो गया।

कुछ दिन उसे डॉक्टरों की निगरानी में ही रखा जाएगा। सर्जरी करने वाली टीम में डॉ. विक्रम बट्टी, डॉ. मो. यूनुस, डॉ. भूपेश्वरी पटेल, डॉ. राहुल दुबेपुरिया और डॉ. शैलेश शामिल थे। इधर, पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार युवक योगेश की हालत भी खतरे से बाहर है।

### गंभीर अवस्था में एम्स ले गए परिजन

सीने में चाकू घुसने से योगेश गंभीर घायल हो गया। परिजन तुरंत उसे एम्स लेकर पहुंचे। डॉक्टरों ने इमरजेंसी में ही तत्काल सर्जरी कर करीब 30 मिनट में सीने में धंसा चाकू निकाला। तेजी से बहते खून के बहाव को रोकने के लिए डॉक्टरों ने नली डाली। डॉक्टरों की मानें, तो मरीज की किस्मत अच्छी थी कि धारदार चाकू उसके सीने में आर-पार होने के बावजूद हार्ट को नुकसान नहीं पहुंचा।

## मंडीकर्मियों ने काली पट्टी बांधकर किया काम

### सरकार को याद दिलाया वेतन-पेंशन का वादा



**भोपाल (निसं)।** मप्र के करीब 10 हजार मंडी कर्मचारियों ने शुक्रवार को काली पट्टी बांधकर काम किया। सुबह दफ्तर पहुंचते ही उन्होंने काली पट्टी बांधी और नारेबाजी की। पूरे दिन वे काली पट्टी बांधकर ही काम किया। इस प्रदर्शन के जरिए वे प्रदेश सरकार को उस वादे की याद दिला रहे हैं, जो सितंबर-अक्टूबर 2020 को किया था।

पिछले साल मंडीकर्मियों ने वेतन-पेंशन और मंडी बोर्ड में मर्ज करने के लिए बड़ा आंदोलन किया था। रैली, लाठीचार्ज और कई दिन तक धरना-प्रदर्शन करने के बाद सरकार ने मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया था। संयुक्त संघर्ष मोर्चा मध्यप्रदेश मंडी बोर्ड के पदाधिकारियों का कहना है कि एक साल बाद भी मांगें पूरी नहीं हो गई है।

सरकार को उसका वादा याद दिलाने के लिए शुक्रवार से प्रदर्शन की शुरुआत कर दी गई है। पहले दिन मंडीकर्मी काली पट्टी बांधकर काम करेंगे। यदि सरकार ने तब भी मांगों के निराकरण करने का वादा नहीं निभाया, तो 10 दिन बाद प्रदेशभर में बड़ा आंदोलन करने की रणनीति बनाई जाएगी।

### 3 महीने की जगह 1 साल बीता

मोर्चा के प्रदेश संयोजक बीबी फौजदार, एग्रीकल्चर मंडी बोर्ड ऑफिसर्स एम्पलाइज एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष अंगिराप्रसाद पांडे एवं अजाक्स शाखा मंडी बोर्ड के अध्यक्ष नैन सिंह सोलंकी ने बताया कि पिछले साल 3 अक्टूबर को सीएम शिवराज सिंह चौहान एवं कृषि मंत्री कमल पटेल ने तीन महीने के भीतर मांगों का निराकरण करने का आश्वासन दिया था, पर अब एक साल बीत गया है। बावजूद मांगें पूरी नहीं हो पाई हैं। हालांकि, प्रस्ताव जरूर बन गया है, लेकिन वरिष्ठ अफसरों के पास ही फाइल पेंडिंग है। सरकार को अपना वादा याद दिलाने के लिए ही प्रदर्शन की शुरुआत की जा रही है।

### नेत्रदान पखवाड़ा पोस्टर प्रतियोगिता के विजेता घोषित

# प्रतिवर्ष 1 लाख लोगों को कॉर्नियल ट्रांसप्लांट की जरूरत, इसका एकमात्र उपाय है नेत्रदान




**भोपाल (निसं)।** पूरे देश में 8 सितम्बर तक मनाये जा रहे नेत्रदान पखवाड़े के अंतर्गत जवाहर चौक स्थित सुदर्शन नेत्रालय द्वारा आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता की घोषणा आज की गई। आमजन में नेत्रदान के महत्व को बताने के उद्देश्य से आयोजित इस प्रतियोगिता में सभी उम्र के चित्रकारों ने अपने द्वारा बनाई गई ड्राइंग व पेंटिंग्स को प्रतियोगिता में भेजा। निर्णायक मंडल ने इन सभी पेंटिंग्स का आंकलन करने के बाद विजेताओं की घोषणा की। प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार शिवानी लोधी व सोनाली शेल्के के द्वारा बनाई गई पेंटिंग को दिया गया। पोस्टर प्रतियोगिता के अतिरिक्त इस पखवाड़े में नेत्र जांच शिविर व जागरूकता अभियान से जुड़ी विभिन्न गतिविधियां भी आयोजित की गईं। इस अवसर पर नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रतीक गुजर ने बताया कि अंधत्व आज दुनिया भर में चिंता का एक प्रमुख कारण है। भारत में, अनुमानित 20 लाख लोग कॉर्निया को होने वाले नुकसान के कारण अंधत्व से पीड़ित हैं। यदि बिना देरी किए प्रत्यारोपण किया जाए तो कॉर्नियल ब्लाइंडनेस के एक चौथाई से अधिक मामलों में लोगों की आंख की रोशनी लौटाई जा सकती है।

### नेत्रदान के बारे में शिक्षित करने की आवश्यकता

शरीर के किसी अन्य अंग की तरह, मृत्यु के बाद भी आंख का कॉर्निया दान किया जा सकता है। हर साल हजारों कॉर्नियल ब्लाइंडनेस के बढ़ने की वजह से कॉर्नियल प्रत्यारोपण की वार्षिक मांग बढ़ रही है और इस कमी को पूरा करने के लिए, जनता को नेत्रदान के बारे में शिक्षित करने की आवश्यकता है।

## जिला बदर के आदेश के दस दिन बाद घर के बाहर ही घूमता मिला बदमाश

**भोपाल।** आधा दर्जन से अधिक गंभीर अपराध दर्ज होने के बाद टीटी नगर पुलिस ने जिस बदमाश को दस दिन पहले जिला बदर किया था, बीती रात वह अपने घर के पास ही घूमता हुआ मिला है। पुलिस उसे एनएसए के तहत गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है, जिसे कोर्ट में पेश कर जेल भेजा जाएगा। टीटी नगर पुलिस ने बताया कि शेख समद उर्फ कालू पिता शेख इस्माइल (32) पंचशील नगर में रवींद्र कॉलेज के पास परिवार सहित रहता है। उसके खिलाफ आधा दर्जन गंभीर अपराध दर्ज हैं। इसके चलते टीटी नगर पुलिस ने जिला प्रशासन ने उसे जिला बदर करने का आदेश कराया था।

## शिवराज - उमा ने किया पौधरोपण



**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज आंवला, बरगद और पुत्रजीवक का पौधा लगाया। स्मार्ट पार्क में हुए पौध रोपण में पूर्व मुख्यमंत्री उमाश्री भारती भी उपस्थित रहीं। मुख्यमंत्री श्री चौहान अपने संकल्प के क्रम में प्रतिदिन पौधा लगाते हैं। आंवला को आयुर्वेद में अमृतफल या धात्रीफल कहा गया है। आंवला शरीर की इम्यूनिटी बढ़ाता है। कई तरह के रोगों के लिए यह औषधि के रूप में काम करता है। बरगद के पेड़ को वट वृक्ष या बड़ भी कहा जाता है। बरगद का धार्मिक महत्व है, साथ ही आयुर्वेद के अनुसार बरगद के पेड़ से कई बीमारियों का इलाज संभव है। पुत्रजीवक का पेड़ पहाड़ी क्षेत्रों में पाया जाता है। इसका वृक्ष हमेशा हरा रहता है और इसके तने में हरे रंग की छाल होती है। इसके फूल पीले हरे रंग के और गुच्छे में होते हैं।

## आरक्षक ने एडीजी के बंगले में घुसकर सुरक्षा में तैनात जवान से की मारपीट

**भोपाल (निसं)।** राजधानी के चार इमली इलाके मे स्थित उपांत कॉलोनी में रहने वाले एडीजी बीबी शर्मा के बंगले में घुसकर आरक्षक ने ड्यूटी पर तैनात एसएएफ के साथ मारपीट कर दी। घटना मे आरोपी के साथी भी शामिल हैं। पुलिस ने इस मामले में आरोपियों के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा डालने सहित अन्य धाराओं मे प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हबीबगंज पुलिस के अनुसार एडीजी बीबी शर्मा डी-15 उपांत कॉलोनी में रहते हैं। उनके बंगले पर एसएएफ प्रधान आरक्षक हरिनाथ राम प्रधान सुरक्षा में तैनात है। बीती 1 सितंबर को वो ड्यूटी पर मौजूद था। तभी सातवीं बटालियन में तैनात आरक्षक राजकुमार तिवारी अपने दोस्त के साथ एडीजी के बंगले पर पहुंचा। जहां पैसे के लेन-देन को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हो गई। इस दौरान दोनों आरोपियों ने प्रधान आरक्षक के साथ जमकर मारपीट की और भाग गए। दूसरे दिन भी आरोपियों ने रास्ता रोकर उसे धमकी दी।

### रेलवे अस्पताल में ऑक्सीजन प्लांट लग जाने से कोविड मरीजों को ऑक्सीजन की पूर्ति की जा सकेगी

# मंडल रेलवे चिकित्सालय में ऑक्सीजन प्लांट का शुभारंभ



*भोपाल (निसं)। पश्चिम मध्य रेल के महाप्रबंधक नें वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के द्वारा मंडल रेलवे चिकित्सालय, निशातपुरा भोपाल में स्थापित ऑक्सीजन प्लांट का शुभारंभ किया। चिकित्सालय परिसर में स्थापित पीएसए (क्क) पद्धति पर आधारित इस संयंत्र में हवा से ऑक्सीजन तैयार कर के पाइपलाइन द्वारा मरीजों के उपचार में उपयोग किया जाएगा। 500 लीटर प्रति मिनट की क्षमता वाले इस प्लांट को अल्प समय में तैयार किया गया है। रेलवे अस्पताल में ऑक्सीजन प्लांट लग जाने से कोविड मरीजों को समय रहते ऑक्सीजन की आवश्यकता की पूर्ति की जा सकेगी।*

***निर्यात हेतु समान का बांग्लादेश परिवहन:*** *मण्डल द्वारा किये जा रहे निरन्तर प्रयासों के परिणामस्वरूप पार्टी मेसर्स एमजीएक्स डॉट कॉम एक्सप्रेस प्रा. लिमिटेड द्वारा बुक किये गए लगभग 550 टन सामान, जिसमें सूती धागे, सूती कपड़ा, एवं रोजमर्रा की वस्तुएं सामिल हैं, मण्डीदीप स्टेशन से 23 वीपीयू में लोड कर बेनापोल (बांग्लादेश) परिवहन किये गए। इससे रेलवे को रुपये 29,06,681/- का राजस्व प्राप्त हुआ।*

***ऑटोमैटिक कोच वाशिंग प्लांट का शुभारंभ:*** *हबीबगंज कोचिंग डिपो में लगाये गए ऑटोमेटिक कोच वाशिंग प्लांट का शुभारंभ किया गया। ऑटोमैटिक कोच वाशिंग प्लांट की उच्च तकनीक से 24 कोच की ट्रेन को केवल 7-8 मिनट मे साफ किया जा सकेगा इस वाशिंग प्लांट में एक 30000 लीटर की क्षमता वाला अपशिष्ट उपचार संयंत्र भी लगाया गया है, जिसके माध्यम से सफाई के उपरांत निकले हुए पानी को 90 प्रतिशत से भी अधिक मात्रा में रिसाइकिल करके पुन: उपयोग मे लाया जा सकेगा, जो पानी की खपत को कम करेगा एवं पानी के संक्षरण में सहायक सिद्ध होगा। गाड़ियों के संचालन के उपरांत डिब्बों की सतह बहुत गंदी हो जाती है, जिन्हें मैनुअल/पारंपरिक तरीकों से सफाई करना मुश्किल होता है। अब ऑटोमैटिक कोच वाशिंग प्लांट लग जाने से यह समस्या खत्म हो जायेगी।*

### पुनर्विकसित रेलवे स्टेशन, कार्यालय भवन और स्टाफ क्वार्टर के लिए रेटिंग

*भारतीय रेलवे में पहली बार पुनर्विकसित रेलवे स्टेशन, कार्यालय भवन और स्टाफ क्वार्टर के लिए 5 GEM रेटिंग प्राप्त हुई है। हबीबगंज रेलवे स्टेशन को ग्रीन बिल्डिंग के अनुसार डिजाइन और बनाया गया है, यानी प्राकृतिक प्रकाश का अधिकतम उपयोग, बेहतर वेंटिलेशन, पुनर्चक्रण योग्य सामग्री का उपयोग, पुनर्नवीनीकरण पानी का उपयोग, सौर ऊर्जा का दोहन, वर्षा जल संचयन, पर्यावरण के अनुकूल निर्माण किया गया है। जलवायु के प्रति जागरूक दृष्टिकोण और भवन के निर्माण और उपयोग के दौरान पर्यावरण को न्यूनतम नुकसान सुनिश्चित करते हुए इस बिल्डिंग को डिजाइन किया गया है जो पारंपरिक भवन की तुलना में ऊर्जा, पानी की इष्टतम मात्रा का उपयोग करते हुए सतत निर्माण कार्य, प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण, कम अपशिष्ट उत्पन्न करते हैं।*

## शहर में इस बार भी फीका रहेगा गणेशोत्सव का रंग

**भोपाल।** 10 सितंबर से श्री गणेश स्थापना के साथ दस दिवसीय गणेशोत्सव की शुरुआत होगी, लेकिन इस बार भी गणेशोत्सव का रंग फीका ही रहेगा। प्रशासन की गाइड लाइन के मुताबिक सार्वजनिक आयोजन और बड़ी मूर्तियों की स्थापना नहीं की जा सकेगी। मूर्ति बनाने वाले कलाकार बड़ी प्रतिमाओं के आर्डर नहीं आने से आर्थिक तंगी में उलझ कर रह गए हैं। कोरोना की संभावित तीसरी लहर के बीच गणेश उत्सव की तैयारी शुरू हो गई हैं। शहर के मूर्तिकारों ने गणेश प्रतिमाओं को अंतिम रूप दे दिया है। शहर में 100 से अधिक पांडालों में भव्य मूर्ति की स्थापना की जाती है, लेकिन इस वर्ष भी 6 फीट से ऊंची प्रतिमाएं स्थापित नहीं की जाएंगी। प्रशासन के दिशा निर्देश के बीच गणेश उत्सव की तैयारी शहर में शुरू हो गई हैं।